26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 4 जून, 2026

अंक- 220 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

SCHOLAR'S ACADEMY
IIT | MEDICAL | FOUNDATION
अब सपना होगा साकार, वो भी आपके अपने शहर बिजनौर में!
SELECTION नहीं तो फीस नहीं*
NOW IN BIJNOR
बच्चों को अब बाहर जाने की जरूरत नहीं, बेहतरीन शिक्षा अब आपके शहर में ही उपलब्ध!
ADMISSIONS OPEN
For Class 8th to 12th & 12th Pass
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
EXPERT FACULTY अनुभवी एवं बेहतरीन शिक्षक
PROVEN RESULTS लगातार बेहतरीन परिणाम
PERSONALIZED ATTENTION हर छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान
COMPLETE GUIDANCE संपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग
हमारे छात्रों की शानदार उपलब्धियां
99.9 PERCENTILE JEE (Mains) SAHAJ DHAWAN
705/720 NEET AYUSH KUMAR
96.2 PERCENTAGE 12th CLASS VANSH
96.2 PERCENTAGE 10th CLASS DIVIT GUPTA
96.8 PERCENTAGE 10th CLASS DEVANSH
*नियम व शर्तें लागू
क्यों चुनें SCHOLAR'S ACADEMY?
IIT-JEE, NEET एवं FOUNDATION की सर्वश्रेष्ठ तैयारी
नियमित टेस्ट, डाउट सेशन एवं परफॉर्मेंस एनालिसिस
स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग और स्टडी मटेरियल
अनुशासित वातावरण एवं सकारात्मक मार्गदर्शन
छात्रों के सर्वांगीण विकास की हमारी प्रतिबद्धता
सफल भविष्य की ओर पहला कदम, आज ही उठाएं!
ENROLL NOW Strong Foundation, Bright Future
LIMITED SEATS! HURRY UP!
Scholar's Academy Near mittal petrolpump Bairaj road, Bijnor
9557999804 bijnor@scholarsacademy.co.in
scholarsacademy.co.in
9557999804
HEAD OFFICE : Paschim Vihar, Delhi

## यूपी में 206 पीपीएस अफसरों का तबादला

### बिजनौर सीओ सिटी संग्राम सिंह का मेरठ को ट्रांसफर

**लखनऊ (चिंगारी)।** डीजीपी मुख्यालय ने बृहस्पतिवार को डिप्टी एसपी रैंक के 206 पीपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। लखनऊ में तैनात करीब एक दर्जन डिप्टी एसपी को भी बदला गया है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात जितेंद्र कुमार को शाहजहांपुर भेजा गया है। लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात विकास कुमार जायसवाल को मुख्यमंत्री सुरक्षा भेजा गया है। गोरखपुर में तैनात उदय प्रताप सिंह द्वितीय को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है। लखनऊ में तैनात सतीश कुमार राय को मेरठ में पीएसी की छठवीं वाहिनी भेजा गया है। बिजनौर में सीओ सिटी के पद पर तैनात संग्राम सिंह का मेरठ और नितेश प्रताप सिंह का मऊ के लिये तबादला किया गया है। इसी तरह राजधानी में सहायक पुलिस आयुक्त अभय कुमार मल्ल को बलरामपुर भेजा गया है। महोबा में तैनात गौरव उपाध्याय और अंबेडकरनगर में तैनात शुभम कुमार को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है। मुख्यमंत्री सुरक्षा से वाराणसी कमिश्नरेट भेजे गए राजेश कुमार सिंह को अब लखनऊ कमिश्नरेट में तैनाती दी गई है। कासगंज में तैनात शाहिदा नसरीन को भी लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है। लखनऊ में तैनात शिप्रा पांडेय को डीजीपी मुख्यालय में आईजी कानून-व्यवस्था के कार्यालय में तैनात किया गया है।

R.C. EYE HOSPITAL
RC EYE & DENTAL HOSPITAL
आँखों की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
सही जाँच, सही ईलाज, उत्तम परिणाम
हमारे यहाँ OPENING FROM 27TH JUNE से सेवा प्रारम्भ
डॉ. रचित अग्रवाल
MS (Ophthalmology)
Cataract, Retina & Cornea Specialist
10,000+ मोतियाबिंद (Cataract) सर्जरी का अनुभव
500+ कॉर्निया प्रत्यारोपण (Cornea Transplant) सफलतापूर्वक सम्पन्न
रेटिना, ग्लूकोमा एवं कॉर्निया रोगों के उपचार में विशेषज्ञता
आधुनिक तकनीक एवं उन्नत नेत्र शल्य चिकित्सा सुविधाएं
बच्चा नेएवं आस पास के क्षेत्रों के मरीजों का विश्वास
रॉबोटिक मोतियाबिंद सर्जरी
(कोई चीरा नहीं, कोई टांका नहीं, कोई इंजेक्शन नहीं)
सटीक, सुरक्षित और उत्तम तकनीक
लेजर सुविधा उपलब्ध
लेजर से मोतियाबिंद, चश्मे की पावर और अन्य रेटिना का उपचार
हमारी सुविधाएँ
अनुभव, विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक के साथ उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सा
आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज की सुविधा
आस्पताल का पता
आर.सी. आई एंड डेंटल हॉस्पिटल
बैराज रोड, वैष्णो विहार कॉलोनी के सामने
बिजनौर (उ.प्र.) - 246701
हमारी सेवाएं
आधुनिक आँखों की जाँच एवं उपचार
रेटिना, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद का इलाज
बच्चों की आँखों की देखभाल
ड्राई आई एवं कॉन्टैक्ट लैंस संबंधित उपचार
कम्प्यूटर से जुड़े डिजिटल उपकरणों द्वारा जाँच.
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8171742659, 7088210708
आपकी आँखों की रोशनी, हमारी जिम्मेदारी | आपकी मुस्कान, हमारी प्राथमिकता

## पुलिस ने चंद्रशेखर को डिटेन किया

### कई नेता हाउस अरेस्ट



धामपुर में पुलिस अधिकारी से विरोध दर्ज कराते हुए चंद्रशेखर।

**बिजनौर/धामपुर (चिंगारी)।** आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो, सांसद चंद्रशेखर की आज शुरू होने वाली सत्ता परिवर्तन यात्रा को रोकने के लिये प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी। असपा नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। खुद सांसद चंद्रशेखर को उनके धामपुर आवास पर डिटेन किया गया। बिजनौर में कलेक्ट्रेट मार्ग पर लगे चंद्रशेखर के होर्डिंग्स हटवा दिये। समाचार लिखे जाने तक भारी संख्या में असपा कार्यकर्ता इंदिरा बाल भवन में जमा हैं और चंद्रशेखर बिजनौर पहुंच चुके हैं। यात्रा शुरू करने से पहले सांसद चंद्रशेखर ने संत रविदास मंदिर पहुंचकर मत्था टेका। इस दौरान मंदिर परिसर में भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। **धामपुर** से प्राप्त समाचार के अनुसार सांसद चन्द्रशेखर आजाद पूरी तैयारी और जोश व जज्बे के साथ सत्ता परिवर्तन यात्रा का आगाज करने के लिए अपने धामपुर आवास से बिजनौर के लिए निकलने ही वाले थे कि पुलिस फोर्स ने उनके आवास को घेर लिया। इस दौरान सांसद चन्द्रशेखर की पुलिस अधिकारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। बाद में उन्हें प्रशासन से परमिशन के लिए जिला मुख्यालय जाने दिया गया। सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने काफी दिन पहले 4 जून से सत्ता परिवर्तन यात्रा शुरू करने का ऐलान किया था। इसके लिए उनकी पार्टी ने जोरदार तैयारियां की है। यह यात्रा आज इन्दिरा बाल भवन बिजनौर से शुरू होनी है, लेकिन प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी है। सांसद चन्द्रशेखर अपने धामपुर आवास पर थे। आज सुबह एएसपी पूर्वी अमित श्रीवास्तव, सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ चन्द्रशेखर के आवास पर पहुंचे और उन्हें बिजनौर जाने से रोक दिया। अधिकारियों का कहना था कि रैली की परमिशन नहीं ली गई है। बाद में जिला स्तरीय अधिकारियों से परमिशन के लिए बात करने को कहकर चन्द्रशेखर को बिजनौर जाने दिया गया। सांसद चन्द्रशेखर का कहना था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इशारे पर प्रशासन उनकी सत्ता परिवर्तन यात्रा को रोकने का प्रयास कर रहा है। यह जनता के मौलिक अधिकारों का हनन है, जिसे वे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

सम्बंधित खबरें अंदर के पृष्ठों पर

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

# रामगंगा नदी के घाट पर चलाया सफाई अभियान



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने रामगंगा नदी के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रमदान कर घाट क्षेत्र की सफाई की तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्राम भिक्कावाला निवासी अनिल कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इसी क्रम में भविष्य में भी ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से रामगंगा घाट के दोनों ओर डस्टबिन लगाने की मांग उठाई। उनका कहना है कि घाट पर आने वाले लोगों के लिए कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था होने से क्षेत्र को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही घाट पर बैंच लगाए जाने की मांग भी की गई। ताकि यहां आने वाले लोगों को बैठने की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों के अनुसार रामगंगा घाट पर आसपास के लगभग 50 ग्रामों के लोग अंतिम संस्कार एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए पहुंचते हैं। लेकिन पर्याप्त बैठने की व्यवस्था न होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर अनिल नेगी, कैलाश थपलियाल, सुनील ममगईं, गजेंद्र बिष्ट, जयकृत रावत, सुनील नेगी, अजय नेगी, मनवर सिंह, धीरेंद्र नेगी, आशीष जुयाल, कपिल पसपोला, ज्ञान सिंह, कृष्णा थपलियाल, महिमानंद भारद्वाज, संजय बर्मोला, विकास मौर्य एवं मनदीप रौतेला सहित अनेक ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# प्रधान ने कराई गांव में सफाई

## चिंगारी में छपी खबर का असर


नालियों की करायें सफाई
प्रधान से गुहार लगाई



**खासपुरा ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत खासपुरा में सांध्य दैनिक चिंगारी की खबर का असर दिखा। गांव में गंदगी और नालियों की समस्या को लेकर खबर छपने के बाद ग्राम प्रधान ने तत्काल संज्ञान लिया। ग्राम प्रधान ने सफाई कर्मचारियों को भेजकर नालियों की सफाई कराई। व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। गांव की गलियों और नालियों से जमा कचरा हटाया गया और पानी की निकासी की गई। कई दिनों से फैली गंदगी के कारण गांव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया था, जिससे ग्रामीणों में बीमारियों का डर बना हुआ था। सफाई होने से ग्रामीणों को राहत मिली। ग्राम प्रधान ने जानकारी दी कि गांव में नियमित सफाई के निर्देश दिए गए हैं और स्वच्छता अभियान आगे भी जारी रहेगा।




## प्रदेश महासचिव बने नफीस मंसूरी, समाज की उम्मीदें करेंगे पूरी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूसुफ मंसूरी ने नूरपुर निवासी न्यू हैवन इंटर कॉलेज के प्रबंधक नफीस अहमद मंसूरी को भारतीय मंसूरी समाज का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष युसुफ मंसूरी ने कहा कि नफीस अहमद मंसूरी को यह पद उनकी मेहनत, योग्यता, समाज सेवा व लगन को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। नवनियुक्त प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश नफीस अहमद मंसूरी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर मंसूरी समाज की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे तथा मंसूरी समाज के प्रति अकीदत रखते हुए संगठन को मजबूत करने का अथक प्रयास करेंगे। इस मनोनयन कार्यक्रम में अफजाल मंसूरी, राष्ट्रीय सचिव, शफीक मंसूरी, जिला अध्यक्ष पंजाबी बाग दिल्ली, दिलशाद मंसूरी, सफीक मंसूरी जिला अध्यक्ष संभल, हाजी एहसान मंसूरी, सोनू मंसूरी, नईम मंसूरी, मोहम्मद उमैर राही, यामीन मंसूरी, शहजाद मंसूरी, सरताज मंसूरी, अली हसन मंसूरी, जाकिर हसन, राशिद हुसैन, प्रोफेसर जावेद मंसूरी मौजूद रहे।





# भाजपा प्रत्याशी बने ढिल्लो, जब चाहे तब मिल लो

## भाजपा ने शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी का किया स्वागत, बनाई रणनीति



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी तथा चुनाव के जिला संयोजक डॉ. बीरबल सिंह ने कार्यकर्ताओ से चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान एमएलसी डॉक हरि सिंह ढिल्लो के भाजपा कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो के कार्यों सराहा। जिला संयोजक डॉ. बीरबल सिंह ने कहा कि जिले में सबसे अधिक वोट बनाए गये हैं तथा जिस उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं ने वोट बनवाने में काम किया है, उसी उत्साह के साथ मतदान में भी सहयोग करेंगे। इस मौके पर डॉ. हरि सिंह ढिल्लो पुन: प्रत्याशी बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद दिया।

इस मौके पर राजीव सिसोदिया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, सुभाष वाल्मीकि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, श्रीमती इंदिरा सिंह अध्यक्ष नगर पालिका बिजनौर, लोकेंद्र चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका झालू, डॉ. एमपी सिंह अध्यक्ष नगरपालिका नूरपुर, सीपी सिंह, श्रीमती हरजिन्दर कौर क्षेत्रीय मंत्री भाजपा, चौधरी धीर सिंह क्षेत्रीय संयोजक नमामि गंगे, तपराज सिंह ब्लाक प्रमुख नजीबाबाद, जिला महामंत्री दिनेश सैनी, नरेश भाटी,श्री बलराज त्यागी, जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेल सिंह राजपूत,जिला मंत्री मोनिका शर्मा, श्रीमती उपासना आर्य,श्रीमती माया पाल, चौधरी बिजेंद्र सिंह, शोभित त्यागी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश, हरवीर सिंह तोमर जिला अध्यक्ष वित्तविहीन शिक्षक संघ, गणेश ठाकुर, पवन चौहान, भूदेव सिंह चंदेल, श्रीमती माया पाल, सभासद आशीष अग्रवाल, मानव सचदेवा, राजवीर सिंह एडवोकेट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## पुलिस करना चाहती थी गिरफ्तार, आरोपी चकमा देकर फ़रार

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर क्षेत्र के ग्राम कोहरपुर में मारपीट के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम को उस समय परेशानी का सामना करना पड़ा, जब आरोपी पुलिस को चकमा देकर खेतों के रास्ते फरार हो गया। आरोपी का पीछा कर रही पुलिस खेत में लगी तारबाड़ में उलझ गई, जिससे एक सिपाही की वर्दी फट गई। पुलिस ने आरोपी के भाई को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार गांव कोहरपुर में आरोपी का अपनी चचेरी बहन से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के दौरान आरोपी ने अपनी चचेरी बहन के साथ मारपीट की थी। पीड़िता की तहरीर पर थाना मंडावर में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार शाम को पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके घर पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस कार्रवाई का विरोध किया और मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया, लेकिन खेतों में लगी नुकीली तारबाड़ बाधा बन गई। पुलिस के अनुसार पीछा करने के दौरान एक सिपाही तारबाड़ में उलझ गया, जिससे उसकी वर्दी फट गई। इस अफरा-तफरी का फायदा उठाकर आरोपी खेतों के रास्ते फरार होने में सफल रहा। आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस ने उसके भाई को हिरासत में ले लिया है। उससे आरोपी के संभावित ठिकानों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। थानाध्यक्ष संजय तोमर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम को देखकर वह खेतों की ओर भाग निकला। पीछा करने के दौरान पुलिस तारबाड़ में उलझ गई और आरोपी फरार हो गया।

## दो सड़क हादसों में बच्चे सहित 3 घायल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार हेतु प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। जानकारी के अनुसार नगीना निवासी कमल सिंह अपने साले राजीव और उसके 7 वर्षीय पुत्र राघव के साथ बुधवार की शाम बाइक पर सवार होकर ठाकुरद्वारा से घर वापस लौट रहे थे। नेशनल हाइवे पर स्थित ग्राम भनौटी कट के पास पीछे से तेज गति में आयी कार की चपेट में आने से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे सड़क पर गिरने से कमल सिंह और राघव घायल हो गये। वहीं दूसरी घटना हरेवली मार्ग पर दोपहर में बाइक और स्कूटी टकराने से हुई। जिसमें बाइक सवार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सुआवाला से अपने घर बढ़ापुर लौट रहे अजीम अहमद घायल हो गये और स्कूटी चालक फहीम अहमद के मामूली चोट लगी। सभी घायलों को उनके परिजन उपचार हेतु प्राइवेट अस्पतालों में ले गये।

## कोकिल चौधरी बने ब्लॉक उपाध्यक्ष



**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक पंचायत नूरपुर क्षेत्र के गांव पीपला जागीर में बुधवार को आयोजित की गई। पंचायत में यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने संगठन का विस्तार करते हुए नूरपुर के मोहल्ला रामनगर निवासी राज चौधरी उर्फ कोकिल चौधरी को संगठन के प्रति उनकी मेहनत, लगन व निष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए नूरपुर ब्लॉक उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। कोकिल चौधरी ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार

**शेरकोट ( चिंगारी )।** स्थानीय पुलिस ने पोक्सो एक्ट के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि गत 31 मई को क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर दो युवकों पर अपनी नाबालिग बहन के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये थे। बुधवार को इस मामले में स्थानीय पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त शोकीन और फरहान निवासी ग्राम भगोता शेरकोट को चालान कर न्यायालय भेज दिया है।

# फुलसंदा में अवैध पेथौलॉजी लैब सील




**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। विभाग की टीम ने ग्राम फुलसंदा स्थित 'उमंग लैब' पर छापेमारी करते हुए उसे सील कर दिया। जांच के दौरान लैब के संचालन में भारी अनियमितताएं और मानकों की अनदेखी पाई गई, जिसके बाद टीम ने यह कड़ी कार्रवाई की। इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य अवैध लैब संचालकों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. केपी सिंह के नेतृत्व में बीपीएम अमित श्रीवास्तव, शेखर सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की एक विशेष टीम अचानक ग्राम फुलसंदा पहुंची और वहां संचालित उमंग लैब का औचक निरीक्षण किया। टीम ने जब संचालक से लैब से जुड़े आवश्यक अभिलेख, पंजीकरण और मानकों से संबंधित दस्तावेज मांगे, तो वह कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सका। नियमों के विपरीत और बिना पुख्ता दस्तावेजों के लैब चलती पाकर टीम ने तत्काल प्रभाव से उमंग लैब को सील कर दिया। नोडल अधिकारी डॉ. केपी सिंह का कहना है कि क्षेत्र में मरीजों की सेहत से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के विपरीत चल रही ऐसी संस्थाओं के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### विभाग की मिलीभगत से चल रही अवैध लैब

**स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से क्षेत्र में दर्जनों अवैध लैब चल रही हैं। इनसे अक्सर गलत रिपोर्ट मिलने की शिकायतें आती हैं, जिसके कारण डॉक्टरों द्वारा गलत इलाज शुरू होने से मरीजों की जान पर बन आती है। क्षेत्रवासियों ने विभाग से इन सभी फर्जी लैबों की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।**

भली लगे या बुरी...

## तेल संकट और भारत

भारत के ईरान के साथ अच्छे संबंध रहे हैं, इसलिए कुछ समस्याओं के बावजूद होर्मुज से भारत को तेल और गैस सप्लाई जारी है लेकिन अमेरिकन नाकेबंदी व युद्ध के कारण इसमें भारी कमी आई है। कुछ समय पहले भारत आए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि भारत, ईरान का मित्र है और होर्मुज से उसे तेल व गैस आयात में कोई बाधा नहीं आएगी। भारत ने पश्चिम एशिया और रूस के साथ अमेरिका से भी तेल खरीदना शुरू किया है, जो दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है। हाल ही में भारत आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत से तेल आयात में विविधीकरण की अपील करते हुए कहा कि भारत जितना तेल खरीदे, अमेरिका उसे देने के लिए तैयार है। लेकिन असली मुद्दा कीमत का है। अमरीकी तेल रूसी व ईरानी तेल के मुकाबले महंगा है। इस प्रकार पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत के पास तेल आयात के अनेक स्रोत खुले हुए हैं। चूंकि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तेजी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। इसके कारण उसकी ऊर्जा आवश्यकताओं में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। भारत के अनेक उद्योग गैस-आधारित हैं तथा उर्वरकों के उत्पादन में पेट्रोलियम उत्पादों का भारी उपयोग होता है। हालांकि, भारत ने पिछले वर्षों में अपने तेल व गैस क्षेत्रों के विकास के भी प्रयास किए हैं, पर घरेलू तेल व गैस उत्पादन कुल आवश्यकता को देखते हुए लगभग नगण्य है। भारत ने पिछले एक-डेढ़ दशक में पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता कम करने के लिए ट्रेनों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण किया है तथा वह बिजली-संचालित दोपहिया, तिपहिया व चैपहिया वाहनों पर भारी सब्सिडी देकर उनकी बिक्री को प्रोत्साहित कर रहा है। भारत को तेल मूल्यवृद्धि के वैश्विक संकट से बचाने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का विकास और तेज करना होगा जिनमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा, बायोडीजल, एथेनाल, बायोगैस तथा हरित हाइड्रोजन शामिल हैं। भारत इन सभी क्षेत्रों में दुनिया के सभी देशों में उपलब्ध तकनीकों व कौशल का प्रयोग कर देश में उत्पादन व विनिर्माण को बढ़ावा दे रहा है।

# वाणी की मर्यादा और गुरु का सम्मान

# लोकतंत्र में संवाद का धर्म!

**किसी भी सभ्य समाज की पहचान केवल उसकी प्रगति, तकनीक अथवा आर्थिक उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने मतभेदों को किस भाषा और किस मर्यादा के साथ व्यक्त करता है। विचारों का संघर्ष लोकतंत्र की आत्मा है, किन्तु संवाद की गरिमा उसकी संस्कृति। जब सार्वजनिक जीवन के प्रभावशाली व्यक्तित्वों द्वारा प्रयुक्त शब्द स्वयं बहस का विषय बन जाए, तब आवश्यकता केवल पक्ष या विपक्ष चुनने की नहीं, बल्कि उस व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझने की होती है, जिसमें समाज का चरित्र निर्मित होता है।**



हाल ही में एक वरिष्ठ पत्रकार की कुछ टिप्पणियों को लेकर शिक्षा जगत, मीडिया और सामाजिक मंचों पर व्यापक चर्चा हुई। एक पक्ष का मत है कि सार्वजनिक प्रभाव रखने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और प्रवृत्तियों की आलोचना लोकतंत्र का स्वाभाविक और आवश्यक अंग है। पत्रकारिता का दायित्व ही प्रश्न पूछना, स्थापित धारणाओं को चुनौती देना और जनचर्चा को नई दिशा प्रदान करना है। यदि कोई शिक्षक, शिक्षण मंच या डिजिटल माध्यम समाज में व्यापक प्रभाव रखता है, तो उसकी समीक्षा और आलोचना भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा होगी।

किन्तु इस बहस का दूसरा और अधिक संवेदनशील पक्ष भाषा और मर्यादा का है। भारत वह भूमि है जहां गुरु को केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि जीवनदाता माना गया है। हमारे सांस्कृतिक मानस में गुरु का स्थान माता-पिता और देवत्व के समकक्ष प्रतिष्ठित है। 卐आचार्य देवो भव:卐 केवल एक वैदिक वाक्य नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की आत्मा है। यही कारण है कि जब शिक्षक समुदाय या उससे जुड़े व्यक्तियों के संदर्भ में कठोर, तिरस्कारपूर्ण अथवा अपमानजनक प्रतीत होने वाले शब्द सुनाई देते हैं, तो समाज का एक बड़ा वर्ग स्वाभाविक रूप से आहत अनुभव करता है।

यहां यह स्पष्ट करना भी आवश्यक है कि किसी व्यक्ति या समूह की आलोचना और उसके सम्मान के बीच कोई विरोधाभास नहीं है। लोकतंत्र में कोई भी वर्ग आलोचना से परे नहीं हो सकता। शिक्षक, पत्रकार, राजनेता, न्यायपालिका अथवा सामाजिक कार्यकर्ता ये सभी सार्वजनिक समीक्षा के दायरे में आते हैं। किंतु आलोचना का उद्देश्य यदि सुधार है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो संवाद के द्वार खोले, न कि उन्हें बंद कर दे।



▶▶ प्रकाश पंकज, हल्दौर

वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। डिजिटल मंचों और ऑनलाइन शिक्षकों ने लाखों विद्यार्थियों तक ज्ञान पहुंचाने का कार्य किया है। विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए, जिनकी पहुंच महंगे शिक्षण संस्थानों तक नहीं थी, इन माध्यमों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। दूसरी ओर, यह भी सत्य है कि सोशल मीडिया के विस्तार के साथ शिक्षा, मनोरंजन, लोकप्रियता और प्रभाव के बीच की सीमाएं धुंधली हुई हैं। इसलिए इस क्षेत्र की कार्यप्रणाली, उत्तरदायित्व और प्रभाव पर प्रश्न उठाना भी अनुचित नहीं कहा जा सकता।

परंतु प्रश्न यह है कि क्या हम असहमति को सम्मानजनक भाषा में व्यक्त कर सकते हैं? क्या हम विचारों का प्रतिवाद बिना व्यक्तियों का अवमूल्यन कर सकते हैं? क्या हम लोकतांत्रिक विमर्श को कटुता के बजाय तर्क और संयम से समृद्ध कर सकते हैं? यही वे प्रश्न हैं जो इस पूरे विवाद के केंद्र में हैं।

डिजिटल युग ने संवाद को त्वरित बना दिया है, किंतु हर त्वरित प्रतिक्रिया विवेकपूर्ण हो, यह आवश्यक नहीं। कुछ सेकंड की वीडियो क्लिप, अधूरी जानकारी और भावनात्मक प्रतिक्रियाएं अक्सर मूल विषय को पीछे छोड़ देती हैं। परिणामस्वरूप विमर्श तथ्य से अधिक प्रतिक्रिया और तर्क से अधिक आरोपों का शिकार हो जाता है। ऐसे समय में सार्वजनिक जीवन के प्रत्येक प्रभावशाली व्यक्ति चाहे वह पत्रकार हो, शिक्षक हो, नेता हो अथवा सामाजिक चिंतक, पर शब्दों की अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है।

समाज का नैतिक स्वास्थ्य इस बात से निर्धारित होता है कि वह अपने मतभेदों को कितनी शालीनता से संभालता है। सम्मान का अर्थ आलोचना से मुक्त होना नहीं, और आलोचना का अर्थ सम्मान का परित्याग नहीं। दोनों साथ-साथ चल सकते हैं, बल्कि स्वस्थ लोकतंत्र का आधार ही यही संतुलन है।

आज आवश्यकता किसी व्यक्ति विशेष के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने की नहीं, बल्कि उस संवाद संस्कृति को सशक्त करने की है, जिसमें प्रश्न भी हों, प्रतिप्रश्न भी हों, असहमति भी हो, किंतु सम्मान भी बना रहे, क्योंकि विचारों की विजय तर्क से होती है, शब्दों की कठोरता से नहीं और समाज का निर्माण संवाद से होता है, दुराग्रह से नहीं।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, पर उसकी सबसे बड़ी गरिमा मर्यादित अभिव्यक्ति है।

(निजी विचार)

# बुजुर्गों के अनुभवों से युवा उठायें लाभ!

मनुष्य के जीवन को पानी का बुलबुला कहा जाता है, जो पता नहीं कब फूट जाये। मनुष्य का जीवन बालपन से शुरू होता है और वृद्धावस्था में आकर समाप्त हो जाता है। किसी-किसी का जीवन तो बचपन, जवानी व अधेड़ अवस्था में ही समाप्त हो जाता है। वृद्धावस्था तक तो बहुत ही कम लोग पहुंच पाते हैं। इस उम्र में उसके पुत्र-पुत्रियां तथा पौत्र-पौत्रियां भी हो जाते हैं, फिर उसे परिवार में बुजुर्ग की उपाधि मिल जाती है। एक समय था जब परिवार ही नहीं बल्कि समाज में बुजुर्गों का बहुत सम्मान किया जाता था, लेकिन वर्तमान में उनकी उपेक्षा होने लगी है। युवा पीढ़ी उनके महत्व को भूलती जा रही है। जबकि बुजुर्ग व्यक्ति किसी परिवार के सदस्य मात्र ही नहीं होते, बल्कि उस वृक्ष के समान होते हैं जिसकी छांव में पलकर व्यक्ति बड़ा होता है। बुजुर्गों के पास अनुभवों का पिटारा होता है और ये अनुभव किसी पुस्तक अथवा विद्यालय में प्राप्त नहीं हो सकते। इन व्यक्तियों ने बुजुर्ग होने तक जीवन में इतने मोड़ तथा उतार-चढ़ाव देखे हैं जिनका अनुभव युवा पीढ़ी को नहीं होता। युवाओं को चाहिए कि वह बुजुर्गों के अनुभवों से लाभ उठायें। उन अनुभवों को आत्मसात करके अपने परिवार को सुखी बनायें। जिन परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा की जाती है वहां आयेदिन झगड़ा फसाद देखने को मिलते हैं। युवाओं को चाहिए कि जिस प्रकार बुजुर्गों ने उन्हें बचपन में हाथ पकड़कर चलना सिखाया, अब उन्हीं बुजुर्गों की अक्षमता व कमजोरी को देखते हुए बुढ़ापे में उनका हाथ पकड़कर उन्हें सहारा दें। बुजुर्गों को उम्र के अंतिम पड़ाव पर सहायता व सम्मान की जरूरत महसूस होती है और उनको यह सब देना भारतीय संस्कार ही नहीं, बल्कि मानवता भी है। युवा पीढ़ी को चाहिए कि जब तक उन्हें बुजुर्गों का साया व आशीर्वाद प्राप्त है तब तक उनके अनुभवों का लाभ उठायें और उनके महत्व को जानकर अपने परिवार को सुखी बनायें।



▶▶ सुरेन्द्र कुमार कपूर
कपूर कोल डिपो नई बस्ती, बिजनौर

# विदुर उत्सव में युद्धोत्तर त्रासदी पर आधारित नाटक 'शोकविजयम' ने बांधा समां






## महाभारत की विजय के पीछे का शोक मंच पर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर की तपोभूमि श्रीकृष्ण विदुर मंदिर, विदुरकुटी में आयोजित 'विदुर उत्सव' के अंतर्गत मंचित महाभारत-उत्तर कालीन नाटक 'शोकविजयम' मुख्य आकर्षण रहा। डॉ. राजेंद्र चौधरी लिखित इस मार्मिक नाट्य प्रस्तुति ने महाभारत युद्ध के उपरांत धर्मराज युधिष्ठिर के अंतर्द्वंद्व, युद्धजनित त्रासदी, विधवा स्त्रियों की पीड़ा तथा महात्मा विदुर के मानवीय पुनर्निर्माण दृष्टिकोण को संवेदनात्मक ढंग से मंचित कर दर्शकों को गहन चिंतन से जोड़ा।

देर रात आयोजित कार्यक्रम में नाट्यदीप फाउंडेशन धामपुर एवं ड्रामाटर्जी आर्ट एंड कल्चर सोसायटी, दिल्ली द्वारा प्रस्तुत महाभारत-उत्तर कालीन संवेदनशील नाट्य प्रस्तुति शोकविजयम ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। नाटक का शुभारम्भ संस्कृत के ओजस्वी गीत यदा यदा हि धर्मस्य पर कलाकार अंजलि उपाध्याय के भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक नृत्य से हुआ, जिसने संपूर्ण वातावरण को भारतीय सांस्कृतिक चेतना और धर्ममूलक संवेदनाओं से अनुप्राणित कर दिया।

### किसने किसकी भूमिका अदा की

नाटक में सक्षम मिश्रा ने युधिष्ठिर की भूमिका में धर्मसंकट, पश्चाताप और करुणा के भावों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से मंचित किया। उनकी संवाद अदायगी और भावाभिव्यक्ति ने दर्शकों को भीतर तक स्पर्श किया। वहीं सागर साहू द्वारा अभिनीत श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व आध्यात्मिक तेज, गंभीरता और मार्गदर्शक स्वरूप के साथ अत्यंत प्रभावोत्पादक रहा। कर्ण की भूमिका में देवांश ने आत्मसम्मान, वेदना और अंतर्द्वंद्व के भावों को मार्मिकता से प्रस्तुत किया।

नाटक की आत्मा कहे जाने वाले विदुर के चरित्र को प्रदीप कुमार ने गहन नीति-बोध, संवेदना और संयमित अभिनय के साथ जीवंत कर दिया। भीम की भूमिका में दुर्गेश शुक्ला का ओजस्वी अभिनय तथा द्रौपदी के रूप में राधिका शर्मा की भावप्रधान प्रस्तुति विशेष रूप से सराही गई। गंगा के रूप में सौम्या राजपूत ने शांति, मातृत्व और आध्यात्मिक करुणा का अत्यंत प्रभावशाली चित्र उपस्थित किया, जबकि कुंती की भूमिका में अंजलि उपाध्याय ने मातृत्व, अपराधबोध और करुणा को गहन संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त किया। युयुत्सु की भूमिका में अभिषेक यादव, अर्जुन के रूप में अंश तथा सूत्रधार की भूमिका में ऋत्विक उपाध्याय एवं अंश ने कथा को प्रभावी गति प्रदान की। मालविका के रूप में विजय लक्ष्मी तथा कुल गुरु की भूमिका में प्रताप सिंह का अभिनय भी उल्लेखनीय रहा।

### महाभारत के बाद का सबसे अनकहा सच- 'शोकविजयम'

**डॉ. राजेंद्र चौधरी द्वारा लिखित एवं साक्षी तथा सुनील चौहान के निर्देशन में मंचित नाटक 'शोकविजयम' महाभारत युद्ध के उपरांत की उस त्रासदी को मंच पर जीवंत करता है, जहां युद्ध समाप्त हो चुका है, किंतु मनुष्यों के भीतर का शोक अब भी जीवित है। नाटक की कथावस्तु धर्मराज युधिष्ठिर के अंतर्द्वंद्व, पश्चाताप और आत्ममंथन पर केन्द्रित है, जो कुरुक्षेत्र की विजय के पश्चात स्वयं को विजेता नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के दुःख का सहभागी अनुभव करते हैं। युद्धभूमि में बिखरे शव, विधवाओं का विलाप, अनाथ बच्चों की पीड़ा और अपने ही भ्राता कर्ण के वध का अपराधबोध युधिष्ठिर के मन को विचलित कर देता है। श्रीकृष्ण, विदुर और अन्य पात्र उन्हें यह बोध कराते हैं कि वास्तविक धर्म युद्ध की विजय में नहीं, बल्कि टूटे हुए समाज के पुनर्निर्माण में निहित है।**

### रूप सज्जा, संगीत, प्रकाश व्यवस्था प्रभावशाली

प्रस्तुति की सफलता में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एम. राशिद की रूप सज्जा ने पात्रों को यथार्थपरक स्वरूप प्रदान किया, जबकि साक्षी द्वारा संयोजित संगीत ने प्रत्येक दृश्य में भावनात्मक गहराई उत्पन्न कर दर्शकों को कथा से जोड़े रखा। विशेष रूप से सुनील चौहान की प्रकाश व्यवस्था ने युद्धोत्तर वेदना, आत्ममंथन और आशा के भावों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से उकेरा। निर्देशन में साक्षी एवं सुनील चौहान की सृजनात्मक दृष्टि ने शोकविजयम को केवल एक रंगमंचीय प्रस्तुति न बनाकर मानवीय संवेदना, करुणा और पुनर्निर्माण का जीवंत अनुभव बना दिया।

# ममता की कोई जाति नहीं होती

## 'गौरी' ने दिया निस्वार्थ प्रेम और मानवता का संदेश

ममता की कोई नस्ल (जाति) नहीं होती, धरती पर यदि निस्वार्थ प्रेम का कोई सबसे सुंदर रूप है, तो वह मां का प्रेम है, मां चाहे मनुष्य की हो, गाय की हो या किसी अन्य जीव की, उसकी ममता का स्वरूप एक जैसा ही होता है।

आज मुझे एक ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जिससे मुझे यह लगा कि प्रेम किसी संबंध या रक्त के बंधन का मोहताज नहीं होता ।

मेरी गाय (जिसका नाम गौरी है ) अपने स्वयं के बछड़े के स्थान पर भैंस का बच्चा जो अभी मात्र 2 दिन का है, वह उसको दूध पिला रही थी, यह दृश्य केवल गौरी का व्यवहार नहीं था, बल्कि प्रकृति द्वारा दिया गया एक जीवंत संदेश था। गौरी ने यह नहीं देखा कि यह बच्चा उसका नहीं है, उसका रंग अलग है, उसकी जाति अलग है, गौरी ने केवल उस बच्चे की मासूमियत देखी और अपनी ममता की छाव उसे दे दी।

आज जब मनुष्य छोटी-छोटी बातों पर भेदभाव कर बैठता है, तब पशु हमें मानवता का पाठ पढ़ा रहा है। गाय माता का यह व्यवहार बताता है कि ममता का सागर जब उमड़ता है तो उसमें अपने और पराए का भेद समाप्त हो जाता है ।



गाय का दूध पीता हुआ भैंस का बच्चा

आज का मानव समाज अनेक प्रकार के भेदभाव में उलझा हुआ है, लोग भाषा, जाति, धर्म और स्वार्थ के आधार पर एक-दूसरे से दूरी बना लेते हैं, वहीं एक पशु अपनी सहज करुणा से हमें सिखाता है, कि जीवन का सबसे बड़ा धर्म प्रेम और सेवा है। जिस प्रकार गाय उस बच्चों को दूध पिलाती है उसी प्रकार मनुष्य को भी अपने हृदय में दया, सहानुभूति और सेवा के भाव जागृत करने चाहिए।

गाय का दूध पीता हुआ भैंस का बच्चा यह संदेश भी दे रहा था कि संसार प्रेम, करुणा और त्याग से चलता है जिस प्रकार वृक्ष बिना भेदभाव के सभी को छाया देता है, नदी सभी की प्यास बुझाती है, उसी प्रकार मां का हृदय भी ममता के प्रति एक समान धड़कता है।



मनीष गालियान

**यह दृश्य केवल पशु जगत की संवेदनशीलता नहीं दर्शाता बल्कि यह भी बताता है कि प्रकृति के प्रत्येक जीव के अंदर प्रेम का एक अथाह सागर छिपा हुआ है। गाय माता का प्रेम हमें प्रेरित करता है कि हमें भी अपने जीवन में मानवता और सेवा के भाव को सर्वोपरि रखते हुए जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए।**

**मनीष गालियान ( झालू )**

# राजस्थान के दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

## दून पुलिस की बड़ी सफलता



**देहरादून (चिंगारी)।** दून पुलिस को तब बड़ी सफलता हाथ लगी, जब नयागांव क्षेत्र में नाकेबंदी और सघन चेकिंग के दौरान राजस्थान के दो शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार नयागांव चौकी बैरियर पर चेकिंग के दौरान राजस्थान नंबर की एक स्विफ्ट कार को रोकने का प्रयास किया गया। कार सवार बदमाशों ने बैरियर को टक्कर मारते हुए सेलाकुई की ओर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्काल उनका पीछा किया। बदमाश चांदनी चौक से होते हुए भूरपुर की ओर भागे और रामगढ़ के रपटे के पास वाहन छोड़कर नदी की तरफ फरार होने लगे। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। दूसरे आरोपी को पुलिस ने पीछा कर गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को तत्काल प्रेमनगर चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए दून अस्पताल रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके और अस्पताल पहुंचे तथा पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देशी तमंचे, खोखा कारतूस, जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की है।

# पांच दिन से था युवक लापता, आज सुबह उसका शव मिला


शुभम सैनी का फाइल फोटो

**धामपुर (चिंगारी)।** गांव पाडली मांडू से 5 दिन से लापता युवक का शव गांव में श्मशान घाट के पास पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। गांव निवासी शुभम सैनी (25) 31 मई को घर से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने संभावित स्थानों पर बेटे की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। आज सवेरे गांव वासियों ने गांव के शमशान घाट के पास एक युवक की लाश पड़ी देखी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत युवक की शिनाख्त कराई। परिजनों ने मृतक की शिनाख्त शुभम सैनी के रूप में की। परिजनों ने बेटे की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा देते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर कोतवाल मृदुल कुमार सिंह का कहना है कि घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है।


योगाचार्य को सम्मानित करते हुए योग साधक।

# योग प्रशिक्षण शिविर समाप्त

**धामपुर (चिंगारी)।** सत्य धाम धर्मशाला योग समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कल समाप्त हुआ। समिति के अध्यक्ष एवं प्रशिक्षक धर्मेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्णतया सफल रहा। पूर्ण प्रशिक्षण योगाचार्य गजराज सिंह द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षण का फीडबैक जगदीश सिंह, रानीवाग कॉलोनी ने दिया तथा जीवन में योग का महत्व समझाया गया। व्यक्तिगत रूप से मिले फायदों को सभी प्रशिक्षार्थीयों को बताया गया। अंत में समिति द्वारा योगाचार्य गजराज सिंह को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया तथा महत्वपूर्ण प्रशिक्षार्थियों में जगदीश सिंह, आदेश कुमार, दिनेश जैन, प्रीतम सिंह, देवेंद्र सिंह तथा वरिष्ठ पत्रकार अनिल कश्यप को पटका पहनकर सम्मानित किया गया। शिविर में भाग लेने वालों में डॉ. आरके चौहान, डॉ. भूदेव सिंह चौहान, दिलावर सिंह अरिहंत जैन, दिनेश कुमार, राम सिंह सैनी, सुनीता नंदा, प्रतिभा राय, संगीता सिंह, अनीता सिंह, गिरिजेश ठाकुर, सरिता सिंह, ज्ञानवती, शिक्षा सिंह, शशि सिंह आदि ने भाग लिया।

# राष्ट्रपति के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट



## डीएम ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**देहरादून (चिंगारी)।** द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति 12 जून 2026 को देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन पहुंचेंगी तथा 13 जून को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के बाद दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बुधवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की सभी व्यवस्थाओं को त्रुटिरहित और चाक-चौबंद बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रपति निकेतन में विद्युत, पेयजल, संचार नेटवर्क तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को कंटीजेंसी प्लान के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं का पूर्व परीक्षण कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक समस्या की स्थिति उत्पन्न न हो। डॉ. आशीष चौहान ने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के दौरान किसी भी स्तर पर चूक या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता, संवेदनशीलता और पूर्ण समर्पण के साथ निर्वहन करें, ताकि दौरा सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) केके मिश्रा, पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी एवं प्रोटोकॉल से जुड़े विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'खेत बचाओ अभियान' को जनआंदोलन बनाने के निर्देश



**देहरादून (चिंगारी)।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने राज्य में चल रहे 'खेत बचाओ अभियान' को व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अभियान के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक एवं संतुलित खेती के लिए प्रेरित किया जाए और अधिक से अधिक कृषकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

बुधवार को अपने कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति का आकलन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कृषि मंत्री ने 1 जून से 30 जून तक संचालित हो रहे देशव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के सफल क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों में सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों को समय पर सूचना और आमंत्रण भेजने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने अधिकारियों को ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को प्राकृतिक खेती, संतुलित खेती और कृषि नवाचारों के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही अभियान में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक में कृषि सचिव एस.एन. पांडेय, कृषि एवं उद्यान महानिदेशक वंदना सिंह, कृषि निदेशक दिनेश कुमार, उद्यान निदेशक आर.के. सिंह, कैप निदेशक नृपेंद्र चौहान सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुझे व मेरी पत्नी को बेटे से बचाओ सरकार बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम नींदड़ू निवासी एक वरिष्ठ नागरिक ने परिजनों की प्रताड़ना से परेशान होकर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा मदद न किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगाकर अपनी जान माल की सुरक्षा किए जाने की मांग की है। ग्राम नींदड़ू निवासी अखलाक अली ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजी शिकायत में कहा है कि नशे का आदी उसका पुत्र मुझे और मेरी पत्नी कमर जहां के साथ आए दिन मारपीट करते हुए परेशान करता है जिस कारण मैं अपनी रिश्तेदारी में रह रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में स्थानीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से अनेक बार शिकायतें भी की गईं मगर उन्होंने कोई भी मदद नहीं की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार की है।

# जाट जागरण मंच ने किया मेधावी छात्रों व खिलाड़ियों को सम्मानित



जाट जागरण मंच द्वारा सम्मानित किये गये जाट समाज के मेधावी छात्र।



मेधावी छात्र को मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए बार अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जाट जागरण मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले जाट समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि आईएएस अधिकारी सुश्री चन्द्रवाहिनी चौधरी, चौधरी दानवीर सिंह एवं प्रिंसिपल रायपुर अभिनव चौधरी रहे।

ग्राम बागड़पुर में आयोजित कार्यक्रम में जिले की टॉपर अपेक्षा तोमर सहित 98 छात्र व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हनी तोमर ने किया। कार्यक्रम में जाट जागरण मंच के संरक्षक लव कुमार और दूसरे संरक्षक धर्मपाल सिंह, संयोजक आनंद तोमर, कोषाध्यक्ष सहदेव राणा, मंच के सदस्य शैलेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, संजीव तोमर, विनीत तोमर, अरविंद सिंह, यशवीर सिंह, मानवेंद्र सिंह, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, कपिल राठी, रुपेश चौधरी, पुष्पेंद्र देशवाल, अजित सिंह, तरुण चौधरी, सौरभ राणा, पीयूष तोमर, विरेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, जोगेन्द्र चिकारा, खुशपाल सिंह ओर चक्षु उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा इस तरह के आयोजन समाज को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं। चंद्र वाहिनी ने कहा की बच्चों को अपना गोल सेट करना चाहिए और अपना लक्ष्य प्राप्त करने के टिप्स बच्चों को दिए। दानवीर सिंह ने कहा कि समाज पढ़ाई के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहने की जरूरत है। अभिनव चौधरी ने बच्चों को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए टिप्स दिये।

# कील ठोंककर अपनी कमियों को छिपा रहा रेलवे प्रशासन

**धामपुर ( चिंगारी )।** 60 करोड़ रुपये की लागत से 3 साल 3 महीने में बनकर तैयार हुए धामपुर रेलवे स्टेशन पर लगे लाल बलुआ पत्थर के 10 दिन के भीतर तीन स्थानों से उखड़कर स्टेशन के फर्श पर गिर जाने से बौखलाए रेलवे विभाग के एडीआरएम परितोष गौतम ने धामपुर रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग का टीम के साथ निरीक्षण करने के बाद बेरीकेटिंग करके चार जेसीबी मशीन लगाकर पत्थरों की मजबूती के लिए उन पर श्रमिकों द्वारा कील ठोकने का काम शुरू शुरू हो गया।



उल्लेखनीय है कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केन्द्र सरकार ने अमृत महोत्सव के अन्तर्गत धामपुर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण को कराए जाने की घोषणा की थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 4 मार्च 2023 को धामपुर रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग के नवनिर्माण के लिए शिलान्यास किया था। इसके बाद उनके द्वारा धामपुर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय प्लेटफार्म बनाए जाने की घोषणा भी की गई थी, तब से यहां लगातार कार्य चल रहा है। निर्माण के दौरान बड़ौदा हाउस दिल्ली के जीएम एके वर्मा ने भी धामपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद कहा था कि बिल्डिंग बहुत शानदार बनी है और निर्माण कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। उनके निरीक्षण के कुछ माह बाद ही मई 2026 को 10 दिन के भीतर धामपुर रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग पर लगे हुए लाल पत्थर तीन स्थानों से उखड़कर फर्श पर गिर गये, जिसकी मीडिया में ख़बरें आने पर रेलवे विभाग नींद से जागा और अधिकारियों ने स्टेशन की बिल्डिंग का निरीक्षण किया। रेलवे विभाग के एडीआरएम परितोष गौतम ने नवनिर्मित बिल्डिंग का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों और संबंधित संस्था के ठेकेदार को इसकी मरम्मत करने के निर्देश दिये। इसके बाद मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर बेरिकेटिंग करके चार जेसीबी मशीन लगाकर बिल्डिंग में लगे पत्थरों की मजबूती के लिए उनमें कील ठोके जाने का कार्य शुरू किया गया।

## 1885 में बना था धामपुर रेलवे स्टेशन

धामपुर रेलवे स्टेशन अंग्रेजी शासनकाल में वर्ष 1885 में स्टेशन बना था। दैनिक यात्री संघ के पदाधिकारी संजय कुमार, दिनेश कुमार, राहुल, इमरान अहमद आदि का कहना है कि अंग्रेजी शासनकाल की बिल्डिंग तो 138 वर्ष चल गई और नई बिल्डिंग का उद्घाटन से पूर्व ही यह हाल है तो आगे क्या होगा, इसका तो ऊपर वाला ही मालिक है।



# पुलिस की बाधाओं के बीच बिजनौर पहुंचे सांसद चंद्रशेखर

## बोले- दमनकारी नीतियों से नहीं डरेंगे

### आज़ाद समाज पार्टी की सत्ता परिवर्तन रैली को लेकर चला सियासी व प्रशासनिक घमासान, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



बिजनौर इंदिरा बाल भवन में मंचासीन असपा नेता।

बिजनौर (चिंगारी)। आज़ाद समाज पार्टी की जिला मुख्यालय से शुरु होने वाली सत्ता परिवर्तन रैली को लेकर बुधवार को बिजनौर में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज रही। पार्टी नेताओं का आरोप है कि पुलिस-प्रशासन ने रैली को रोकने के लिए कई तरह की बाधाएं खड़ी कीं, बावजूद इसके पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आज़ाद बिजनौर पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी दमनकारी नीतियों से डरने वाली नहीं है। वे उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे ।

सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल को अपनी बात रखने, धरना-प्रदर्शन करने और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताने का अधिकार है, लेकिन वर्तमान सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर लोगों के अभिव्यक्ति के अधिकार को सीमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति के सामने झुकने का सवाल ही नहीं उठता।



बिजनौर कलेक्ट्रेट रोड पर आजाद समाज पार्टी के बैनर उतारते नगर पालिका कर्मचारी।

### रैली की अनुमति को लेकर कई दिनों से चल रही थी कवायद

जानकारी के अनुसार, आसपा की सत्ता परिवर्तन रैली का शुभारंभ बिजनौर स्थित इंदिरा बाल भवन से होना प्रस्तावित था।



नुमाइश ग्राउंड चौराहे को बंद कराती पुलिस।

पार्टी कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से रैली की तैयारियों में जुटे हुए थे। रैली की अनुमति प्राप्त करने के लिए पार्टी नेताओं द्वारा लगातार प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा था, लेकिन आरोप है कि प्रशासन ने आज दोपहर तक भी अनुमति नहीं दी।

पार्टी नेताओं का कहना है कि पुलिस ने रैली को रोकने के लिए, रात से ही कार्रवाई शुरू कर दी थी। कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया गया। वहीं सांसद चंद्रशेखर आज़ाद को भी गुरूवार सुबह धामपुर क्षेत्र के जैतरा स्थित उनके आवास पर पुलिस द्वारा रोक लिया गया।

### पुलिस अधिकारियों से हुई नोकझोंक

सूत्रों के अनुसार, सांसद चंद्रशेखर आज़ाद और पुलिस अधिकारियों के बीच इस दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई। बताया जाता है कि सांसद के कड़े रुख और विरोध के बाद पुलिस ने कई घंटे बाद उन्हें जाने की अनुमति दी। इसके बाद वे बिजनौर के लिए रवाना हुए। इसी बीच प्रशासन द्वारा शहर में रैली के प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए कई फ्लेक्स और बैनर भी हटवा दिए गए, जिसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई।

### रैली हर हाल में होगी- चंद्रशेखर

**बिजनौर पहुंचने के बाद सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि उनकी पार्टी किसी भी दबाव या डर के आगे झुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा, हम लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने आए हैं। तमाम बाधाओं के बावजूद मैं बिजनौर पहुंच चुका हूं और हमारी पार्टी सत्ता परिवर्तन रैली हर हाल में करेगी। रैली को लेकर जिले में दिनभर राजनीतिक सरगर्मियां बनी रहीं और प्रशासन की गतिविधियों पर भी लोगों की नजर रही।**

### रैली स्थल पर जुटने लगे सैकड़ों समर्थक

पुलिस और प्रशासनिक सख्ती के बावजूद रैली में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक इंदिरा बाल भवन पहुंचते रहे। दोपहर करीब डेढ़ बजे तक सैकड़ों लोग रैली स्थल पर मौजूद थे। समर्थकों में उत्साह देखने को मिला और वे पार्टी नेतृत्व के समर्थन में नारेबाजी करते नजर आए।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**रैली को देखते हुए जिला मुख्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। शहर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया। इंदिरा बाल भवन के बाहर भी भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही। इसके अलावा नुमाइश ग्राउंड से कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग लगाकर आवागमन नियंत्रित किया गया।**

# साहिल मेहरा व मुदस्सिर जमां खां हाउस अरेस्ट

किरतपुर (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के लीडर एवं सांसद चन्द्रशेखर आजाद की सत्ता परिवर्तन यात्रा को रोकने के लिए प्रशासन ने कोई हथकंडा नहीं छोड़ा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया, ताकि वे परिवर्तन यात्रा में शामिल न हो सकें। समाचार लिखे जाने तक दोनों असपा नेता नजरबंद थे। सांसद चन्द्रशेखर आज से सत्ता परिवर्तन यात्रा शुरू करने वाले हैं। जिसकी तैयारी पिछले कई दिनों से की जा रही थी। इस यात्रा को लेकर असपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। लेकिन सरकार नहीं चाहती कि चन्द्रशेखर की सत्ता परिवर्तन यात्रा सफल हो। इसके लिए प्रशासन ने असपा नेताओं को यात्रा में शामिल होने से रोकने की रणनीति बनाई और सुबह सवेरे असपा नेताओं के घर व कार्यालय पर पुलिस भेज दी। असपा के प्रदेश सचिव साहिल मेहरा को पुलिस ने असपा कार्यालय पर हाउस अरेस्ट किया। साहिल मेहरा ने चिंगारी से कहा कि योगी सरकार तानाशाही पर उतर आयी है। लेकिन हम चन्द्रशेखर आजाद की पार्टी के सिपाही हैं, न रुकेंगे न झुकेंगे। सत्ता परिवर्तन होकर रहेगा।



उधर वरिष्ठ नेता मुदस्सिर जमां खां जब सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए बिजनौर जा रहे थे, तब नाथ पैट्रोल पम्प के पास उन्हें रोक लिया और एक होटल पर हाउस अरेस्ट कर लिया। मुदस्सिर जमां खां ने चिंगारी से बात करते हुए कहा कि असपा सत्ता के साथ-साथ व्यवस्था परिवर्तन की भी लड़ाई लड़ रही है। भाजपा सरकार नहीं चाहती कि कोई नेता या पार्टी गरीब अवाम की आवाज को उठाए। सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। 2027 के चुनाव में चन्द्रशेखर के नेतृत्व में असपा को शानदार सफलता मिलेगी। जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है।



# मीरापुर में ईडी ने लगातार 13 घंटे तक की लम्बी पूछताछ

## एक-एक प्रश्न को घुमा फिराकर बार-बार पूछते रहे अधिकारी

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम मीरापुर मोदीवाला में बुधवार की प्रात: हाजी मौ. अली के यहां अचानक ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम के छापे से परिवार में हड़कंप मच गया। टीम ने हाजी मौ. अली के घर के सदस्यों से लगातार 13 घंटे तक पूछताछ की। ईडी अधिकारी जरूरत पड़ने पर पूछताछ के लिए पुन: आने की बात कहकर चली गए। बुधवार की प्रात: 6 बजे ईडी की टीम की गाड़ियां सीधे मौ. अली के घर पर जाकर रुकीं और फुर्ती के साथ घर में दाखिल होकर वहां मौजूद परिजनों को पूछताछ होने तक घर से बाहर न निकलने की सख्त हिदायत दे दी। यह माजरा देख जानकारी लेने हेतु ग्रामीण मौ. अली के घर के आसपास घूमते रहे। पत्रकार भी मौ. अली के घर के बाहर अधिकारियों के बाहर आने और उनसे जानकारी जुटाने का इंतजार करते रहे, मगर दिन छिपे तक ईडी की टीम मौ. अली के घर में अपने काम को अंजाम देती रही। टीम ने मौ. अली के पुत्र मोनिस, भतीजे अदनान, वसीम एवं गांव के ही मोनू नामक एक युवक से घुमा फिराकर तमाम सवाल किए। इसी बीच ईडी अधिकारियों ने यहां एचडीएफसी बैंक के एक अधिकारी को भी बुलवाया और कई खातों के वित्तीय लेनदेन की जानकारी की। देर शाम 7 बजे यह टीम अपनी गाड़ियों में सवार होकर चली गई। इस दौरान मौजूद रहे मौ. अली के भतीजे वसीम अहमद के मुताबिक हाजी मौ. अली के भतीजे अदनान ने 5-6 वर्ष पूर्व मौ. अली के पुत्र मोनिस के नाम से एक सिम खरीदा था, जिसे वह अपने निजी इस्तेमाल में लाता था। इसी बीच अदनान काम के सिलसिले में सन् 2025 के प्रारंभ में थाईलैंड चला गया जो एक साल बाद ही वहां से वापस लौटा। अदनान ने कंपनी के एक व्यक्ति के माध्यम से क्षेत्र के कुछ युवकों को भी थाईलैंड बुला लिया था। अदनान कुछ दिन थाइलैंड पुलिस की हिरासत में रहने के बाद वहां से परेशान हालत में घर वापस आया था। वसीम ने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने उससे एवं अदनान, मोनिस एवं गांव के ही मोनू से थाईलैंड से लेकर पासपोर्ट, बैंक खातों आदि से संबंधित गहन पूछताछ की है। टीम के साथ मौजूद अफजलगढ़ थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि ईडी की टीम में शामिल पांच अधिकारी जो गुप्त जांच करने के लिए आए थे, जांच कर चले गए हैं।



### पुन: आने की बात भी कह गई ईडी की टीम

**सुबह 6 बजे से लेकर देर शाम 7 बजे तक लगातार 13 घंटे की पूछताछ के बाद अधिकारी मोहम्मद अली के परिजनों से जरूरत पड़ने पर दोबारा पूछताछ करने की बात भी कह गए हैं। अधिकारी यह बताकर भी गए कि जरूरत पड़ी तो हम दोबारा आएंगे या आप लोगों को बुलवा लिया जाएगा।**

### एक-एक प्रश्न को कई-कई बार पूछते रहे ईडी अधिकारी

ईडी अधिकारी मोहम्मद अली के परिवार के युग को एवं मोनू आदि से 13 घंटे की लगातार पूछताछ में एक प्रश्न को अनेक बार घुमा फिराकर पूछते रहे। वसीम ने बताया कि टीम में शामिल अधिकारी एक-एक सवाल को अलग-अलग ढंग से दोहराते रहे। एक अधिकारी ने एक युवक से एक सवाल पूछा तो एक-दो घंटे के बाद दूसरे अधिकारी ने वही सवाल उसी युवक से मालूम कर जवाब को नोट करते रहे।

### पूछताछ के दौरान किसी भी परिजन को नहीं निकलने दिया घर से बाहर

**बुधवार की प्रात: 6 बजे ईडी की टीम जैसे ही मौ. अली के घर पहुंची तो वहां मौजूद सभी परिजनों को अधिकारियों ने घर में प्रवेश करते ही यह सख्त हिदायत दे दी थी कि अब हमारे पूछताछ करने तक परिवार का कोई भी सदस्य बाहर नहीं जाएगा। अधिकारियों ने परिजनों के बाहर न जाने के साथ-साथ बाहर से भी किसी के आने पर सख्त पाबंदी लगा रखी थी और 13 घंटे तक मौ. अली के घर में न तो परिवार का कोई सदस्य बाहर आया और न ही बाहर का कोई व्यक्ति मौ. अली के घर में प्रवेश कर पाया। बस मौ. अली, उसके परिजन एवं ईडी द्वारा बुलाए गए कुछ युवक ही इस पूछताछ के दौरान वहां मौजूद रहे।**

## बिजली कर्मचारी 7 जून को करायेंगे भण्डारा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र के कर्मचारी 7 जून को यूपी - उत्तराखंड के बॉर्डर के नजदीक स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्धकुटी पर भंडारे का आयोजन करेंगे। विद्युत कर्मचारियों टीकम सिंह, पुष्पेन्द्र शर्मा, डालचंद कश्यप, देव चौधरी, ओमवीर सिंह ने बताया कि 7 जून को गैंडीखाता (उत्तराखंड) के वन क्षेत्र में गंगा के पवन तट पर स्थित सिद्धकुटी आश्रम / मंदिर पर भंडारे का आयोजन सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र के कर्मचारी आपसी सहयोग से करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भंडारे में पहुंचकर प्रसाद / भोजन ग्रहण करने की अपील की है।

## किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाया, मौत को गले लगाया

**नहटौर (चिंगारी)।** नहटौर के एक गांव में गृह कलह के चलते किशोरी ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने मंगलवार देर शाम घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसकी हालत बिगड़ने पर तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बिजनौर रैफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही किशोरी ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## आर.एस. गार्डन में हुई चोरी का पर्दाफाश

**नहटौर (चिंगारी)।** पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आर.एस. गार्डन में हुई चोरी की घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर एम्प्लीफायर, डीजे मिक्सर और जनरेटर से काटे गए लगभग 10 किलोग्राम कॉपर तार के साथ धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में से एक हिस्ट्रीशीटर है।

मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर देवमल निवासी सुशील कुमार शर्मा ने थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात लोगों ने आर.एस. गार्डन में खड़े जनरेटर के कीमती तार तथा वहां रखे डीजे उपकरण चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बुधवार को मामले के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घटना से जुड़े दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम अर्जुन सिंह पुत्र कलुआ सिंह निवासी ग्राम भागीतोज, थाना कांठ, जनपद मुरादाबाद तथा अमीर हसन पुत्र जमील हसन निवासी लाभीखेड़ा, थाना टांडा, जनपद रामपुर बताए। पुलिस ने आरोपियों के पास से एम्प्लीफायर मय बॉक्स, एक डीजे मिक्सर, करीब 10 किलोग्राम कॉपर का तार सहित चोरी का शत-प्रतिशत माल बरामद कर लिया है। बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अमीर हसन का लंबा आपराधिक इतिहास है। पुलिस पूछताछ और जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त अमीर हसन बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से ही रामपुर और मुरादाबाद के थानों में चोरी और नकबजनी के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों का चालान कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



## कल सुबह 9 बजे से 3 बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**नांगल सोती (चिंगारी)।** कल (शुक्रवार को) सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र से होने वाली विद्युतापूर्ति नये वैक्यूम सर्किट ब्रेकर स्थापित होने के कारण प्रात: 9 बजे से अपराहन 3 बजे तक बंद रहेगी। उपखंड अधिकारी (द्वितीय) राहुल यादव ने बताया कि शुक्रवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र सौफतपुर में बिजनेस प्लान 2025 - 26 के अंतर्गत 33 केवी वीसीबी (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) स्थापित होने के कारण प्रात: 9 बजे से अपराहन 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र से सम्बद्ध सभी उपभोक्ताओं से शुक्रवार को अपने विद्युत आश्रित कार्य पूर्वाहन 9 बजे से पहले पूर्ण कर लेने तथा फिर अपराहन 3 बजे के बाद पूर्ण करके सहयोग करने का आहवान किया है। उल्लेखनीय है कि नांगल तथा उससे सटे तीन गांवों की विद्युतापूर्ति भी सौफतपुर विद्युत उपकेन्द्र से ही जुड़ी हुई है।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया 'विदुर उत्सव'


विदुर उत्सव का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए साकेन्द्र प्रताप, एसडीएम रितु चौधरी व शुभम सिंह।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए कलाकार।

**गंज ( चिंगारी )। जनपद बिजनौर के सुप्रसिद्ध महाभारतकालीन धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल श्रीकृष्ण विदुर मंदिर, विदुरकुटी के वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय 'विदुर उत्सव-2026' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकाल मंदिर प्रांगण में यज्ञ, पूजन एवं प्रसाद वितरण तथा सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।**

पुरोहित राजीव आर्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ एवं हवन संपन्न कराया गया, जिसमें संस्था की पदेन सचिव एवं उपजिलाधिकारी सदर श्रीमती रितु रानी ने यजमान के रूप में आहुतियां अर्पित कीं। इस अवसर पर कवि संजीव एकल द्वारा रचित एवं दीप अंजुम द्वारा संगीतबद्ध 'विदुर आरती' का विमोचन किया गया। तत्पश्चात पूजन, आरती, भोग एवं प्रसाद वितरण संपन्न हुआ।

सायंकालीन कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी श्रीमती रितु रानी, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी शुभम सिंह तथा तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना द्वारा मां सरस्वती एवं महात्मा विदुर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास अग्रवाल 'विकास' एवं दीप अंजुम ने संयुक्त रूप से किया।

### कला प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

इस अवसर पर निर्मल फाउंडेशन एवं संस्कार भारती, बिजनौर द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी का उद्घाटन भी अतिथियों द्वारा किया गया। डॉ. रिचा शर्मा के निर्देशन में रुद्राक्ष, मनसा, पवन, जितेन्द्र मारवाड़ी, पूजा हलदर, डॉ. वर्षा अग्रवाल, मीनाक्षी चौधरी, अरशद अली, सुधीर शर्मा, नौशाद अख्तर आदि कलाकारों ने अपनी आकर्षक कलाकृतियां एवं रंगोलियां प्रदर्शित कीं।

सांस्कृतिक समारोह में विविध रंग देखने को मिले। विकास अग्रवाल 'विकास' एवं दीप अंजुम द्वारा विदुरकुटी के पौराणिक प्रसंगों पर लिखी गई रचनाओं को दीपक दीवाना, संजना राजपूत एवं शौर्य आदि कलाकारों ने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। वहीं विदुर गुरुगृह इंटर कॉलेज की छात्राओं ने नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की तथा छात्र अनादि शर्मा एवं कु. पायल ने विदुर नीति के सारगर्भित विचार रखे। कार्यक्रम में ड्रामाटर्जी थिएटर, दिल्ली द्वारा राजेंद्र चौधरी लिखित एवं साक्षी-सुनील चौहान निर्देशित नाटक 'शोकविजयम' का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे प्रख्यात कवि एवं गीतकार श्री अमन अक्षर (इंदौर) ने अपनी काव्य एवं गीतात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से महात्मा विदुर, भगवान श्रीकृष्ण, भारतीय संस्कृति एवं जीवन मूल्यों पर आधारित रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### प्रतिवर्ष आयोजन होगा- साकेन्द्र

मुख्य अतिथि चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विदुरकुटी में लंबे समय बाद इस प्रकार का भव्य आयोजन हुआ है और भविष्य में यहां प्रतिवर्ष महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस स्थल से विशेष लगाव है तथा भविष्य में इसके विकास को और गति मिलेगी।

### दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित होगी विदुरकुटी-रितु

**श्री विदुर सेवा आश्रम समिति की सचिव एवं उपजिलाधिकारी सदर श्रीमती रितु रानी ने कहा कि समिति की अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशन में विदुरकुटी को एक प्रमुख दर्शनीय एवं धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी प्रतिभागियों, कलाकारों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।**

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सौम्य अग्रवाल, दीप अंजुम, प्रधानाचार्य कैलाश चंद, राजेंद्र चौधरी सहित विभिन्न सहयोगियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशांत महर्षि, मनोरंजन शर्मा, भावना अग्रवाल, सुचि शर्मा, गौरव अग्रवाल एड., वैद्य अजय गर्ग, आईआईए बिजनौर चैप्टर चेयरमैन अवनीश अग्रवाल, सुधीर कुमार नहटौर, राजीव धामपुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साहित्यकार, कलाकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

# जाहरवीर की मूर्ति खण्डित की

## ग्रामीणों में रोष, पुलिस कर रही जांच

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सहसपुर क्षेत्र के जंगल में स्थित प्राचीन जाहरवीर सिद्ध स्थान पर स्थापित गोगा जाहरवीर की मूर्ति को अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा खंडित किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।



जानकारी के अनुसार क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजीपुर रसूलपुर के राजस्व ग्राम जलालपुर स्थित प्राचीन जाहरवीर सिद्ध स्थान पर स्थापित मूर्ति का हाथ, सिर पर बना नाग तथा कोहनी क्षतिग्रस्त कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मुजाहिदपुर खिड़का सहित आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंचे और नाराजगी जताई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए तथा मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि शरारती तत्वों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों से वार्ता की गई है और वे नई मूर्ति स्थापित कराने के प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जंगल में स्थापित मूर्ति को नुकसान पहुंचाने वाले शरारती तत्वों को जल्द ही चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रेमवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह विश्नोई, सत्यम विश्नोई, मगनवीर सिंह, उदित सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

---

# जे.के.माडर्न अकादमी धामपुर के चार छात्रों ने उत्तीर्ण की आईआईटी जेईई एडवांस परीक्षा

**धामपुर ( चिंगारी )।** जे.के. माडर्न अकादमी ने एक बार फिर शैक्षिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए सफलता के नये आयाम स्थापित किए हैं। विद्यालय के चार मेधावी छात्र धैर्य राठी, लक्की कुमार, मनुज चौहान एवं दिशांत चौहान ने प्रतिष्ठित आईआईटी-जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय के छात्र अर्णव सिंह ने इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में धामपुर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में भी विद्यालय के छात्र आकाश कुमार वंश ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया था। विगत पांच वर्षों से विद्यालय के छात्र बोर्ड परीक्षाओं तथा जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सफलता अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंधक कनक चौहान एवं प्रबंधक जितेन्द्र कुमार चौहान ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



आईआईटी जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधक।

---

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पीएम उज्जवला योजना लाभार्थी विभाग के चेयरमैन डॉ. इंद्रदेव सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन भव्यता के साथ मनाया जाएगा। बुधवार की देर शाम सनातन धर्मशाला अफजलगढ़ में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ. इंद्रदेव सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ का 5 जून को जन्मदिवस है जिसे पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूतपुरी के निकट माननगर के सामने स्थित श्री सांई पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज प्राचीन अवदूत मंडल हरिद्वार, विनय रुहेला उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन समिति उत्तराखंड एवं भिखारी प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश सहित कई प्रमुख व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर उनके साथ प्रमोद अग्रवाल, विकास जैन, केके शर्मा व गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



## मरहूम शायर उमरदीन सहर की याद में हुआ मिनी मुशायरा

# ...शेरो सुखन का हाय सिकंदर चला गया

**नगीना (चिंगारी)।** सामरी साहित्य कला अकादमी द्वारा आयोजित मिनी मुशायरे में शायरों व कवियों ने अपनी रचनाओं से शमा बांध दिया। मोहल्ला सरायमीर में स्थित एकेएम इंटर कॉलेज प्रांगण में मरहूम शायर उमरदीन सहर की याद में आयोजित मिनी मुशायरे का शुभारंभ अकादमी के अध्यक्ष डॉ.आलमगीर काज़मी व शेख मोहम्मद अंजार ने किया। मोहम्मद शाहिद की अध्यक्षता एवं रईस अहमद राज के संचालन में आयोजित मुशायरे में शायर डॉक्टर आलमगीर काजमी ने कहा-रो-रो के कह रही है ग़ज़ल आपको उमर, शेरो सुकन का हाय सिकंदर चला गया।

तसलीम अहमद तस्लीम ने फरमाया- मालूम है तुझे तेरे जाने से ए उमर, गुलशन सुखनवरो का यह वीरान हो गया/इंडियन नगीनवी ने कहा कि सुना अदब का चमन हो गया/बिन सहर के अधूरा वतन हो गया।

परवेज़ आदिल हाफ़िज़ नगीनवी ने कहा कि आसान खुद ही कर लिया दरियाओं का सफर, पैरों में सारे अपने भंवर बांधकर गया। बहारुद्दीन बहार शमसी ने कहा- बज्मे सुखन से हाय क्यों उठकर चला गया, क्यों पत्थरों के शहर से आज़र चला गया। मशहूर शायर अथर शकील का कहना था- जिसका नाम उमरदीन शायरी में सहर वो चलता फिरता इदारा हुआ है पाईनंदा।


मिनी मुशायरे में कलाम पेश करते डॉ.आलमगीर काजमी।

अकरम नगीना ने कहा कि महसूस हो रहा है मुझे अब भी दोस्तों है, अपने दरमियां उमरदीन सहर। डॉक्टर एहतिशाम ने कहा- तुम उमर दिन हमें छोड़ गए तुम उसूलो के पक्के शायर थे। रईस अहमद राज ने कहा कि तूफ़ां चमन में आया और आकर गुजर गया, क्या जाने वो किसका नशेमन बिखर गया। कवि हुड़दंग नगीनवी ने कहा कि हादसा यों गुजर गया कोई घर, घर में जैसे मर गया कोई। इमरान सागर ने कहा- कोई सबको अपना बना के छोड़ गया, जाने वाला रुला के छोड़ गया। यासीन रहबर ने कहा- धूप से दिल को जला गया कोई, सदा के वास्ते उठकर चला गया कोई। निशित गर्ग ने कहा- मौत ने चुपके से जाने क्या कहा सांस ली और खामोश हो गया। इस मौके पर डाक्टर दाऊद मुल्तानी, शमशाद रशीद, मोहम्मद राशिद, निशात एडवोकेट, आरिफ उस्मानी, शेख मोहम्मद असलम, मोहम्मद अजीज, के.के. बिश्नोई, इंद्रजीत जोशी, शेख नगीनवी, मोहम्मद शारिक, मोहम्मद दानिश शाहनवाज,मोहम्मद जीशान, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद फैजान आदि मौजूद रहे।

# गंगा नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबकर मौत

**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर थाना क्षेत्र के बालावाली गंगा घाट पर नहाने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम मंडावर थाने की बालावाली चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरूका गोपालपुर के रहने वाले शाहबाज पुत्र शहीद (उम्र 17 वर्ष) व दिलशाद पुत्र इरफान (उम्र 16 वर्ष) अन्य लड़कों के साथ बालावाली घाट से करीब सौ मीटर आगे गंगा में नहाने गए थे। वह अपने साथियों के साथ गंगा में नहाने लगे, तभी दोनों किशोर गहरे पानी में चले गए और पानी के अंदर समा गए। साथ में नहा रहे लड़कों ने शाहबाज व दिलशाद को पानी में डूबते हुए देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर गंगा किनारे काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल गंगा में डुबकी लगा दी। काफी तलाश के बाद दोनों किशोरों को गंगा से निकाला। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष संजय तोमर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों किशोरों को तैरना नहीं आता था, तेज बहाव व गहरे पानी में जाने से हादसा हुआ। उधर गंगा घाटों पर नहाने वालों की भीड़ बढ़ रही है। पुलिस द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि गहरे पानी में न जाएं व बच्चों को गंगा घाट पर नहाने न भेजें। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई। परिजनों के अनुरोध पर शवों का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और शव परिजनों के हवाले कर दिया गया था।



मृतकों के फाइल फोटो

# गुरूघर का सरोपा भेंट किया



**खासपुरा (चिंगारी)।** खालसा इंटर कॉलेज अल्पसंख्यक नूरपुर की प्रबंधक कमेटी को हजूर साहिब नांदेड़ से पहुंचे सरदार सुरजीत सिंह ने गुरु घर का सरोपा और बाबा निधन सिंह का फोटो देकर सम्मानित किया। मंगलवार को प्रबंधक कमेटी की मीटिंग हुई, जिसमें हजूर साहिब से पहुंचे सरदार सुरजीत सिंह मिर्धा ने खालसा प्रबंध समिति को गुरु घर का सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रबंध कमेटी के प्रबंधक कुलवंत सिंह व अध्यक्ष सरदार जोगेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले समय में जल्द ही बाबा निधन सिंह सभागार का निर्माण कराया जाएगा, जिसकी सेवा चांदपुर निवासी गुरु ज्ञान सिंह पोथीवाल एवं उनके पुत्र सरदार जगजीत सिंह जग्गी जग्गी जेम्स वालों ने ली है। नांदेड़ साहिब में लंगर साहिब के हेड सेवादार बाबा बलविंदर सिंह को नूरपुर खालसा इंटर कॉलेज में लाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान हरविंदर सिंह बिल्लू, सरदार हरमनदर सिंह, कॉलेज के प्रधानाचार्य सुनित प्रकाश त्यागी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर करेंगे पौधारोपण

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी सुचित मलिक ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की प्रान्तीय बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश के सभी शिक्षामित्र एक पेड़ लगाकर मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई संदेश देंगे। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि संगठन प्रदेश के शिक्षामित्रों की प्रमुख मांग स्थायीकरण को लेकर भी अपना प्रयास जारी रखेगा तथा अपने मिशन संवाद से समाधान तक को तब तक चलाएगा, जब तक कि शिक्षामित्रों की सभी समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता।



# घर के सामने सीटी बजाने का विरोध करना महंगा पड़ा

## दबंगों ने लाठी-डंडों से किया हमला

**बिजनौर (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव खेड़की में घर के सामने सीटी बजाने का विरोध करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंगों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार गांव खेड़की निवासी शाहिद मंगलवार शाम अपने परिवार के साथ घर पर खाना खा रहा था। इसी दौरान मोहल्ले का रहने वाला सेबू नामक युवक उसके घर के बाहर खड़ा होकर सीटी बजा रहा था। शाहिद ने मोहल्ले में महिलाओं और युवतियों के होने का हवाला देते हुए उसे ऐसा करने से मना किया। आरोप है कि इस बात पर सेबू आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। शाहिद द्वारा विरोध किए जाने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

घटना के बाद परिजनों ने घायल शाहिद को रक्तरंजित अवस्था में जिला मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों द्वारा उसकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ का कहना है कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बस परिचालक को यात्री ने पीटा, 5 घंटे थाने में खड़ी रही बस

**धामपुर (चिंगारी)।** हरिद्वार से कानपुर जा रही रोडवेज बस में बुधवार की देर रात्रि उस समय हड़कंप मच गया, जब एक यात्री ने बस के परिचालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। बस में दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। आजाद नगर डिपो की रोडवेज बस हरिद्वार से यात्रियों को लेकर कानपुर जा रही थी। रात्रि लगभग 10 बजे जैसे ही बस धामपुर में नगीना चौराहे पर पहुंची तभी एक यात्री और परिचालक के बीच मारपीट शुरू हो गई। यात्रियों के अनुसार आरोपी ने परिचालक दीपक शुक्ला को बस से नीचे उतारकर जमकर पीटा। घटना के दौरान बस में मौजूद यात्रियों ने मोबाइल फोन से मारपीट की घटना को कैमरे में कैद कर लिया। घटना के बाद यात्रियों और बसकर्मियों ने मिलकर आरोपी को पकड़ लिया और बस सहित उसे थाना कोतवाली ले गये। परिचालक द्वारा आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। बताया जाता है कि कानूनी कार्यवाही और पूछताछ के चलते रोडवेज बस करीब 5 घंटे तक कोतवाली परिसर में खड़ी रही, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# दुष्कर्म के आरोपी शादाब की जमानत याचिका निरस्त

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष सत्र न्यायाधीश (एससी- एसटी एक्ट) सुनील कुमार ने प्रेमजाल में फंसाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाले शादाब की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा के अनुसार पीड़िता को प्रेमजाल में फंसाकर बलात्कार करने तथा थाना चांदपुर पर पीड़िता द्वारा अभियुक्त शादाब के विरुद्ध स्वयं का नाम अंकुश बताकर प्रेमजाल में फंसाकर बलात्कार करने और मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाकर शादी करने तथा मुस्लिम धर्म कबूल न करने पर गाली-गलौज कर अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए लात-घूसों से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अभियुक्त द्वारा न्यायालय में अपनी जमानत याचिका दायर की। जिसे गंभीर प्रकृति और समाज को दुष्प्रभावी करने का जघन्य अपराध मानते हुए न्यायालय द्वारा अभियुक्त की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।

# क्रिकेट प्रेक्टिस पिच हटाने के विरोध में खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेहरू स्टेडियम में वर्षों पुरानी क्रिकेट प्रैक्टिस पिच को हटाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने के विरोध में पूर्व एवं वर्तमान क्रिकेट खिलाड़ियों ने गुरुवार को स्टेडियम परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने क्रीड़ा विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए क्रिकेट सुविधाओं की अनदेखी का आरोप लगाया।

प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों विकास कुमार, अमित कुमार और तुषार मलिक ने बताया कि नेहरू स्टेडियम में स्थित यह प्रैक्टिस पिच पिछले लगभग 40 वर्षों से क्रिकेट खिलाड़ियों के अभ्यास का प्रमुख केंद्र रही है। उनका कहना है कि अब यहां खेलो इंडिया योजना के तहत एक हॉल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके चलते पिच को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा रहा है। खिलाड़ियों का आरोप है कि जिस स्थान पर नई पिच बनाई जा रही है, वहां खिलाड़ियों के वार्म-अप और अन्य गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है।

खिलाड़ियों ने यह भी आरोप लगाया कि स्टेडियम में क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी बनी हुई है। प्रैक्टिस नेट लंबे समय से फटा हुआ है, जिसकी मरम्मत अथवा बदलाव की मांग कई बार क्रीड़ा अधिकारी से की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। खिलाड़ियों का कहना है कि पिच पर पानी डालने और रोलिंग कराने का कार्य भी उन्हें स्वयं करना पड़ता है।

खिलाड़ियों ने बताया कि वरिष्ठ क्रिकेट प्रशिक्षक नागेंद्र शाश्वत पिछले कई वर्षों से नि:शुल्क खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की कि क्रिकेट खिलाड़ियों की सुविधाओं और हितों को ध्यान में रखते हुए पिच को उसके मूल स्थान पर ही बनाए रखा जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था खिलाड़ियों की सहमति से की जाए। प्रदर्शन के दौरान धनंजय शर्मा, हिमांशु कुमार, प्रियांशु चौधरी, हिमांशु, सुलभ, उमर, समर्थ, अरमान, मानवी ठाकुर, डेलीशा, सौम्या सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

### जिला क्रीड़ा अधिकारी बोले...

**इस संबंध में जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि शासन द्वारा खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 25×25 मीटर का बहुउद्देशीय हॉल स्वीकृत किया गया है। निर्माण स्थल का चयन शासन स्तर पर सैटेलाइट सर्वेक्षण के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट खिलाड़ियों से वार्ता कर उनके अभ्यास के लिए एक उपयुक्त स्थान चिन्हित किया गया है, जहां नई पिच के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। खिलाड़ियों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा।**

# परवेज पाशी को नगीना में हाउस अरेस्ट किया

**नगीना ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी की बिजनौर में आज प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन रैली में शामिल होने से पहले ही पुलिस ने नगीना में आसपा नेता शेख परवेज़ पाशी को हाउस अरेस्ट कर लिया।

बृहस्पतिवार की सुबह नगीना पुलिस वैष्णव विहार कॉलोनी में स्थित आजाद समाज पार्टी मुस्लिम भाईचारा कमेटी के निवर्तमान जिला संयोजक शेख परवेज़ पाशी के आवास पर पहुंची तथा उन्हें हाउस अरेस्ट करते हुए उनके कैंप कार्यालय पर बैठ गई। शेख परवेज़ पाशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता बिजनौर में पार्टी के प्रस्तावित रैली में जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कई बार अनुरोध किया कि उनके नेता व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद तो बिजनौर रैली में चले गए हैं, ऐसे में उन्हें रोका जाना सही नहीं है। लेकिन पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी। इस मौके पर उनके साथ मोहम्मद जावेद,अहमद अंसारी, शेख नौशाद,फैसल अंसारी, मोहम्मद उस्मान आदि मौजूद रहे।



असपा नेता परवेज पाशी को हाउस अरेस्ट करते हुए पुलिस

# कॉलेज में एग्रीकल्चर की मान्यता दिलाना प्राथमिकता-चन्द्रपाल सिंह

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा के नव निर्वाचित प्रबंधक चंद्रपाल सिंह एक सीधे-साधे किसान हैं। वह दूसरी बार विद्यालय के प्रबंधक बने हैं। उन्होंने वार्ता करते हुए बड़े ही सरल भाव से कहा कि इस बार उनका सपना विद्यालय को एग्रीकल्चर विषय की मान्यता दिलाना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अधिकतर किसान और मजदूर परिवारों के बालक-बालिकाएं विद्याध्ययन करते हैं। एग्रीकल्चर विषय में रोजगार की संभावनाएं भी काफी हैं। उनका प्रथम प्रयास रहेगा कि वह अपनी आंखों से बच्चों को एग्रीकल्चर विषय पढ़ता हुआ देखें। इसके अलावा विद्यालय के बाहरी छोर पर दुकानों का निर्माण, संविदाकर्मी शिक्षकों का चयन तथा विद्यालय भवन की रंगाई पुताई कराकर सौंदर्य करण आदि विकास कार्यों को पूरा करने का प्रयास भी किया जाएगा। विद्यालय में होने वाली प्रबंध समिति की प्रथम मीटिंग में सभी विषयों पर विचार मंथन होगा। उधर प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह का कहना है कि विद्यालय में आर्ट एवं साइंस की मान्यता के अनुरूप सभी बच्चों को प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जा रहा है तथा पीटीआई शिक्षक विजेंद्र सिंह के कुशल दिशा निर्देशन के चलते खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। प्रस्तावित सभी बिंदुओं को पूरा कर प्रबंधक के सपने को साकार रूप देने का उनका भरसक प्रयास रहेगा।



चंद्रपाल सिंह विद्यालय प्रबंधक



योगेशपाल सिंह प्रधानाचार्य

# जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर लगाये जायें प्रभावी अंकुश : डीएम

## जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार, कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने, नशे की मांग एवं आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए विभिन्न विभागों को समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों को भी नारकोटिक्स समिति से जोड़ा जाए, ताकि उच्च शिक्षण संस्थानों में नशा उन्मूलन संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस विषय को शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में भी शामिल करने की दिशा में प्रयास किए जाएं।

बैठक में जिलाधिकारी ने औषधि विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित दवा फैक्ट्रियों एवं मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री एवं दुरुपयोग की रोकथाम के लिए सघन जांच अभियान चलाया जाए। उन्होंने सभी मेडिकल स्टोरों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के. मिश्रा, उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अपूर्वा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद ढौंडियाल, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल भारती, प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी शिव प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चांदपुर में वृद्ध का शव तालाब में, युवक का शव नाले में मिला




**चांदपुर ( चिंगारी )।** आज सुबह नगर में जहां एक वृद्ध का शव तालाब में तैरता मिला, वहीं एक युवक का शव नाले में पड़ा मिला, दो स्थानों पर शव मिलने से नगर में सनसनी फैल गई। आज सुबह मुहल्ले के लोगों ने सिलारा तालाब में एक वृद्ध का शव पानी में तैरते हुए देखा। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह मौके पर पहुंचे तथा शव को तालाब से बाहर निकलवाया। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की आयु 52 वर्ष के आसपास है। वहीं मुहल्ला सरायरफी में डिग्री कालेज के पास एक युवक का शव नाले में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह मौके पर पहुंचे तथा शव को बाहर निकलवाया। मृतक की शिनाख्त सचिन (22 वर्ष) पुत्र चन्द्रपाल के रूप में हुई। मौके पर मौजूद मृतक की मां फूलवती ने बताया कि उसका पुत्र शादी में खाना बनाने का काम करता था, वह घर से कल सुबह गया था।

# योग दिवस मनाने के निर्देश दिये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महाअभियान 21 जून 2026 के सफल आयोजन को लेकर इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन (आईएनओ) नई दिल्ली एवं सूर्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर भारत की एक महत्वपूर्ण बैठक महर्षि योग आश्रम, मुजफ्फरनगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आईएनओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनंत ब्रदर ने की तथा उत्तर भारत प्रभारी राजीव के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक में सहायक अध्यक्ष श्री कृष्णा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष बिजनौर ओपी शर्मा, संरक्षक वेद अजय गर्ग, संरक्षक डॉ. सुनील राजपूत, उपाध्यक्ष अलीना तोमर, श्री रामनाथ सिंह, आशु शर्मा सहित बिजनौर, मुजफ्फरनगर, मेरठ एवं अन्य जनपदों से आए पदाधिकारियों एवं योग प्रशिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में आचार्य योगेश कुमार, सीमा देवी, धीरेंद्र कुमार, ऋषभ गुप्ता, सुकून वर्मा, मनीष, प्रीति बंसल, अलका, डॉ. हबीब तथा भूषण गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को योग प्रोटोकॉल एवं टी-शर्ट भी वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार करते हुए जनपद बिजनौर के महासचिव पद पर डॉ. गजेंद्र कुमार शर्मा, धामपुर नगर अध्यक्ष पद पर मनोज अग्रवाल तथा जनपद बिजनौर के उपाध्यक्ष पद पर रामनाथ सिंह गंज को मनोनीत किया गया।




# कई कैमिस्टों की मूल संगठन में वापसी का दावा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि कुछ समय पूर्व गुटबाजी और बिखराव की स्थिति उस समय पैदा हो गई थी, जब तत्कालीन जिलाध्यक्ष समेत कई पदाधिकारी संगठन छोड़कर चले गए थे और अलग गुट बना लिया था, मगर बुधवार को पूर्व में संगठन छोड़कर तत्कालीन जिलाध्यक्ष के साथ चले गए जिम्मेदार पदाधिकारियों ने नजीबाबाद पहुंचकर जिला महासचिव अश्विनी शर्मा एवं जिला संगठन मंत्री सलिल विद्यार्थी के समक्ष अपने मूल संगठन में वापसी की इच्छा जताई एवं जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन बिजनौर को मजबूती प्रदान करने पर चर्चा हुई। चांदपुर से प्रदीप चौधरी, नूरपुर से इंद्र सिंह चौहान, बाष्टा से मोहम्मद कासिम एवं ताजपुर से रहमान मेडिकल स्टोर के स्वामी मौ. नसीम तथा कासमपुर गढ़ी से श्री संतोष चौहान उपस्थित रहे। अश्वनी शर्मा ने माला पहनाकर सबका स्वागत किया। सभी ने एक मत से यह स्वीकार किया कि संगठन अगर मजबूत होगा तो आम केमिस्टों की समस्याओं का मजबूती के साथ समाधान किया जा सकता है। सभी ने आशा व्यक्त की कि यह काम मूल संगठन से जुड़कर जिला महामंत्री अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में ही संपन्न हो सकता है। अश्वनी शर्मा ने आश्वस्त किया कि संगठन को मजबूत करने में सहयोग करेंगे और सभी साथियों को सम्मान दिलाने का काम करेंगे।



# स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का हल चाहता है संगठन जनता का बल




**किरतपुर ( चिंगारी )।** सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर जनता का बल संगठन के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना तथा विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि किरतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 1.90 लाख आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। इसके बावजूद केंद्र पर अल्ट्रासाउंड मशीन और कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे मरीजों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय अथवा अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। संगठन के पदाधिकारियों ने सीएचसी में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, सर्जन, नेत्र रोग विशेषज्ञ तथा आर्थोपेडिक सर्जन की नियुक्ति किए जाने की मांग की। उनका कहना है कि इन सुविधाओं के अभाव में गरीब, बुजुर्ग एवं गंभीर रोगियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि होती है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि किरतपुर सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था हो जाए तो क्षेत्र की लाखों आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही मरीजों को उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर जनता का बल संगठन के अध्यक्ष ईशान जैश, महामंत्री एडवोकेट हसन अली चौधरी, संगठन मंत्री मोहम्मद खालिद, राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार, उपाध्यक्ष मसूद इमरान, माहिर, अदनान, ज़ैद, शोएब, नजीबाबाद से सलमान, मडावर से अकीब, अशरफ, हाशिम, शालू, उवैस, शारिक, जीशान, फरहान, नोमान, तालिब, इश्तियाक, अदनान, आबिद सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टीएमयू हॉस्पिटल की ओर से शवों के बेहतर संरक्षण को खुला मॉडर्न मोर्चुरी कोल्ड रूम

## 4 से 7 डिग्री सेंटीग्रेड पर 20 शवों तक की संरक्षण क्षमता

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग की ओर से शवों के संरक्षण के स्तर को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई अत्याधुनिक मोर्चुरी कोल्ड रूम का औपचारिक उद्घाटन हुआ। इस मोर्चुरी कोल्ड रूम में 15 से 20 शवों का संरक्षण 4-7 डिग्री सेंटीग्रेड पर किया जा सकता है। कोल्ड रूम के टेम्परेचर को मैनेज करने के लिए अब आईओटी बेस्ड अलर्ट की सुविधा है। मसलन समय-समय पर तापमान से जुड़ी



## यह सुविधा स्वास्थ्य और न्यायिक सेवाओं को बनाएगी और अधिक सशक्त

अपडेट प्राप्त होती रहती है। आपातकाल में इससे शवों के संरक्षण में विशेष लाभ होगा। साथ ही जिले की सरकारी मोर्चुरी पर भी दबाव कम हो जाएगा। यह सुविधा स्वास्थ्य और न्यायिक सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाएगी। मेडिकल डॉक्टरों एवं शोध स्टुडेंट्स के लिए बेहतर प्रशिक्षण और अध्ययन में सहायक होगी। इस मौके पर मेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, डीन प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी के एचओडी प्रो. प्रमोद डोडे, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रो. चिंटू चौधरी आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा, टीएमयू आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विकास एवं समाज को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव की तैयारी, जोर-शोर से जारी



नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री हरिकीर्तन मंडल नजीबाबाद कार्यकारिणी की एक मीटिंग में श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव 2026 की तैयारी को लेकर रूपरेखा बनाई गई। इस बार जगन्नाथ रथ यात्रा 28 जून रविवार शाम 4 बजे से रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होगी। यात्रा में भगवान जगन्नाथ जी का रस्सों द्वारा हाथ से खींचने वाला रथ, हरिद्वार इस्कॉन द्वारा कीर्तन, वृंदावन एवं विदेशी भक्तों द्वारा कीर्तन, पंजाब के भक्तों द्वारा यात्रा मार्ग पर सुंदर-सुंदर रंगोलियों का आयोजन, चैतन्य महाप्रभु की पालकी महाराष्ट्र के युवा कलाकारों द्वारा सुंदर ढोल धुन बजाई जाएगी तथा बरसाने की लठमार होली का भी आयोजन किया जाएगा, यात्रा से एक दिन पूर्व 27 जून शनिवार मंदिर परिसर में शाम 4 बजे हवन एवं पूजन 7 बजे से भगवान को छप्पन भोग अर्पण किया जाएगा एवं इस्कॉन के भक्तों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 28 तारीख को यात्रा के मंदिर पहुंचने पर सभी भक्तों के लिए भंडारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव कमेटी द्वारा पास किये गए। मीटिंग में संस्थापक संजीव अग्रवाल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मंत्री यदुतनद, कोषाध्यक्ष शिवम अग्रवाल, यात्रा संयोजक सुनील राजपूत, सहसंयोजक कमल बंधु, विजय चोपड़ा, निखिल कालरा उप मंत्री, उदित गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य, सौरभ अग्रवाल एडवोकेट, विदित सिंघल, अमित बत्रा, धीरज जैन, रुस्तम यादव, कृष्णावतार वर्मा, रचित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, राजू, नरेश अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# आर्य सुगंध संस्थान में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित किये

नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। आर्य सुगंध संस्थान मुस्सेपुर में एक विशाल कैंप का आयोजन महावीर सेवा सदन के सहयोग से किया गया, जिसमें स्वामी चिदानंद का विशेष आशीर्वाद रहा। कैम्प में दो एवं तीन जून 2026 में संस्थान के दिव्यांग जनों के लिए कैलीपर कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण वितरण किए गए। आर्य सुगंध संस्थान का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को शिक्षित करना, उनका पालन पोषण करना, वोकेशनल ट्रेनिंग देना, आत्म निर्भर बनाना, उनमें आशा का संचार करना है, जिसमें पूरी कमेटी हर समय सेवा में तन-मन से संलग्न रहती है। उपाध्यक्ष वैद्य ओम प्रकाश, अध्यक्ष सुंदर कुमार गोयल, प्रबंधिका कमलेश आर्या, प्रधानाचार्या गर्जना आर्या, गगन आदि का विशेष सहयोग रहा। कैंप में आई डॉक्टर की टीम में चौधरी संतोष, रिया, रामचंद्र शाह व अन्य कई विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस अवसर पर संचालिका कमलेश आर्य ने सहयोगियों व टीम का धन्यवाद दिया। इस कैंप का लाभ अनेकों लाभार्थियों ने उठाया। एक महिला ने तुरंत अपने कृत्रिम हाथ से सिलाई मशीन चलाकर दिखाई। डॉक्टर की टीम में चौधरी संतोष, सुश्री रिया, जुमा घोष, रामचंद्र शाह, इसराफिल खान एवं अन्य सहायक उपस्थित रहे।




# लापता किशोरी को पुलिस ने दिल्ली से किया बरामद

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के लापता होने पर परिजनों ने थाने में पहुंचकर तीन युवकों के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। लापता किशोरी को ढूंढने के लिए गठित पुलिस टीम ने दिल्ली में कई स्थानों पर दबिश देकर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की भनक लगते ही मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि लापता किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है। किशोरी का मेडिकल कराकर बयान दर्ज किए जायेंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

# गर्मी ने किया पसीना-पसीना, मुश्किल हो रहा जीना

**नजीबाबाद (चिंगारी)। इस बार मई के बाद जून माह की गर्मी ने भी लोगों को पसीना-पसीना कर रखा है। जिससे लोगों का गर्मी में जीना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौनी व कम वोल्टेज की समस्या से लोग काफी परेशान है। सुबह से ही सूरज निकलने के बाद तेज धूप व तपिश के कारण लोगों का अपने घरों से बाहर निकलना काफी मुश्किल हो रहा है। बाजारों में जगह-जगह ई-रिक्शाओं का जाम लगने के कारण लोगों को काफी-काफी देर धूप में तपना पड़ता है, जिससे वह पसीना-पसीना हो जाते है। भीषण गर्मी के बीच ओवरलोड के चलते बिजली आने व जाने का सिलसिला जारी रहता है, जिससे लोगों को गर्मी काफी सता रही है। गर्मी के बीच वोल्टेज इतनी कम आ रही हैं कि लोगों के बिजली उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। इससे भी लोग काफी परेशान है।**

# नॉर्थ इंडिया ऑफ कॉलेजेज में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा का शुभारम्भ 2 जून से हो गया है। यह परीक्षा पॉलिटेक्निक डिप्लोमा एवं डी. फार्मा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षा के प्रथम दिन तीनों पालियों में कुल लगभग 183 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। केंद्र पर आगामी आठ दिनों में लगभग 1500 अभ्यर्थियों के परीक्षा में शामिल होने की संभावना है। प्रथम दिवस की सभी पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकल-विहीन वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। केंद्र अधीक्षक डॉ. शिवानी चैहान ने बताया कि परीक्षा का आयोजन 9 जून 2026 तक किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 6:30 बजे तक तीन पालियों में संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जा रही हैं तथा अभ्यर्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। केंद्र पर्यवेक्षक डॉ. आनंद शुक्ला एवं आईटी सहायक अजीम तथा आशीष भटनागर के सहयोग से परीक्षा का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# बिजली चोरी के खिलाफ़ की छापेमारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय विद्युत विभाग ने बिजली चोरी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने मौहल्ला बांसमंडी व कई गांवों में पहुंचकर बिजली कनेक्शनों की जांच कर संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान टीम ने उपभोक्ताओं के मीटर, केबल व विद्युत भार की जांच की। अधिकारियों ने बताया कि विभाग को क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कुछ स्थानों पर अनियमितताएं मिलने की भी सूचना है, जिनकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी से न केवल विभाग को आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि इससे आम उपभोक्ताओं को भी विद्युत संकट व लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विभाग ने लोगों से वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली उपयोग करने की अपील की है।

# सत्ता परिवर्तन यात्रा में खुर्शीद मंसूरी ने पूरी ताकत झोंकी



नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी की आज 4 जून को आयोजित सत्ता परिवर्तन यात्रा की सफलता को पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी एवं साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बड़ी संख्या में वाहनों का काफिला लेकर इस यात्रा में शिरकत की। इसकी सफलता को श्री मंसूरी पिछले कई दिनों से दिन-रात गांव-गांव जाकर जनसम्पर्क व प्रचार प्रसार में जुटे रहे। उन्होंने नजीबाबाद क्षेत्र में चारों ओर बड़े-बड़े फिलेक्सी बोर्ड लगाकर व दीवारों पर पेंटिंग कराकर सत्ता परिवर्तन यात्रा का जोर-शोर से प्रचार किया। खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम रानीपुर नंगला में सुखबीर प्रधान के संचालन एवं अख्तर प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सत्ता परिवर्तन यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान करते हुए इसमें पूरी नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाने का काम किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर, भाईचारा कमेटी के मंडल अध्यक्ष ललित कुमार, जीशान, सरफराज, शानू, सलीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जगमीत चहल काफिले के साथ बिजनौर रवाना



नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के युवा नेता जगमीत चहल आज बिजनौर में आयोजित पार्टी की सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए अपने समाज के काफी संख्या में लोगों के साथ वाहनों में सवार होकर बिजनौर के लिए रवाना हुए। गुरूवार को सुबह जगमीत चहल काफी संख्या में सिख समाज के लोगों को वाहनों में लेकर जलालाबाद में बाईपास मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप एकत्र हुए। वहां से बाद में काफिले के रूप में सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए बिजनौर के लिए रवाना हुए। आसपा नेता जगमीत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर सभी वर्गों को न्याय दिलाने के लिए लगातार आंदोलन कर रहे है। काफिले में जगमीत चहल के साथ बलवेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, सतेंद्र सिंह, जोरा सिंह, जसवंत सिंह, गजराज सिंह, राजकुमार, नईम अहमद, शाहिद, शादाब, गुलशन आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के मद्देनज़र सात जिलों के सीएमओ के किये गये ट्रांसफर

## मेघना अग्रवाल को भेजा पौड़ी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की लचर स्थिति किसी से छुपी नहीं है। प्रदेश के खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में आए दिन स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही से संबंधित मामले सामने आते रहे हैं। हालांकि, उत्तराखंड सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने दावे कर रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाए जाने को लेकर स्वास्थ्य सचिव विनय शंकर पांडेय ने सात जिलों के सीएमओ के ट्रांसफर कर दिए हैं। मेघना असवाल को पौड़ी मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया है।

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग के सचिव विनय शंकर पांडेय की ओर से जारी आदेश के अनुसार, अल्मोड़ा जिले में डॉ. योगेश पुरोहित, नैनीताल जिले में डॉ. रश्मि पंत, पिथौरागढ़ जिले में डॉ. हरीश चन्द्र पंत, पौड़ी जिले में डॉ. मेघना असवाल, रुद्रप्रयाग जिले में डॉ. अमित कुमार शुक्ला, टिहरी जिले में डॉ. राम प्रकाश और उत्तरकाशी जिले में डॉ. श्याम विजय को सीएमओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ये नियुक्तियां की गई हैं। इसके साथ ही सचिव स्वास्थ्य ने विश्वास व्यक्त किया है कि संबंधित जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और अधिक बेहतर होंगी। इसके साथ ही आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।


मेघना असवाल

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग के सचिव विनय शंकर पांडेय ने कहा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा सरकार और शासन लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के सचिव विनय शंकर पांडेय ने कहा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सभी को मिले ये ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# अवैध खनन व अन्य समस्याओं पर नागरिक मंच ने बैठक में की चर्चा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** व्यापार मंडल सभागार में आयोजित नागरिक मंच की मासिक बैठक में प्रदेश और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गई। उत्तराखंड की घटती जनसंख्या, नारी शक्ति वंदन योजना के तहत -महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, सरकारी विद्यालयों में घटती छात्र संख्या एवं निजी विद्यालयों को मान्यता देने जैसे विषयों पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में वन्यजीवों की सुरक्षा, नगर निगम क्षेत्र में निराश्रित गोवंश की समस्या, बंदरों के आतंक, फेरी फड़ व्यवसायियों के सत्यापन, ऑनलाइन टेंडर व्यवस्था और स्मार्ट मीटर को लेकर भी प्रदेश सरकार की नीतियों का विरोध किया गया। नगर निगम गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि उस समय आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं के अभाव के बावजूद निगम गठन को मंजूरी दी गई। साथ ही राजस्व एवं वन क्षेत्रों में बढ़ रहे अवैध खनन और अतिक्रमण पर चिंता जताते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। मूल निवास व्यवस्था समाप्त किए जाने का विरोध करते हुए कहा गया कि इससे स्थानीय लोगों के अधिकार प्रभावित हुए हैं। वक्ताओं ने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने और शाखा डाकघरों में स्थानीय युवाओं की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। बैठक में अध्यक्ष सीपी नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, राजेंद्र पंत, चिंतामणि डोबरियाल, शंकरदत्त गौड़, सुनील कोटनाला, देवव्रत काला, हर्षवर्धन ध्यानी, दिनेश मौजूद रहे।

# भारी बारिश के बाद पाइप लाइन हुई ध्वस्त चार गांवों में गहरा गया पानी का संकट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकासखंड नैनीडांडा के अन्तर्गत भारी बरसात होने के बाद चोरगढ़ पेयजल योजना ठप होने से पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीण लगभग दो किलोमीटर दूर स्रोतों से पानी ढोने पर मजबूर हो गये हैं। परेशान ग्रामीणों ने पेयजल योजना की जल्द मरम्मत कर आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। पूर्व प्रधान मनवर सिंह रावत, केशर सिंह, हेमराज, किशोरी लाल और बलवंत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि साल 1986-87 में तत्कालीन यूपी सरकार ने ठिठोली, चोरगढ़ मल्ला, चोरगढ़ तल्ला और डोलिया गांवों में पानी की समस्या को देखते हुए चोरगढ़ पेयजल योजना को स्वीकृति दी थी। योजना के निर्माण के बाद वर्षों तक इन गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से होती रही। ग्रामीणों के अनुसार, जल जीवन मिशन के तहत पिछले वर्ष योजना का जीर्णोद्धार भी किया गया था लेकिन बीते दिनों मूसलाधार बारिश के बाद जल स्रोत प्रभावित हो गया और पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिस कारण चारों गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे धुमाकोट तहसील मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करेंगे। उधर, पेयजल निगम द्वितीय शाखा के अधिशासी अभियंता अजय बेलवाल ने कहा कि मामला संज्ञान में आ गया है। जल्द ही पेयजल लाइन की मरम्मत करा प्रभावित गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रदर्शनी के साथ सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज लैंसडौन, जयहरीखाल में शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप का सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह के साथ भव्य समापन हुआ। सात दिवसीय यह शिविर 27 मई से 2 जून तक आयोजित किया गया, जिसमें राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज लैंसडौन, राजीव गांधी अभिनव विद्यालय जयहरीखाल तथा पीएम श्री राजकीय प्राथमिक विद्यालय जयहरीखाल और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लैंसडौन के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को चित्रकला, क्राफ्ट वर्क, संगीत, सामान्य जीवन व्यवहार, कुमाऊंनी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा के विविध आयामों से परिचित कराया गया। दैनिक जीवन के व्यवहारिक ज्ञान और कलात्मक गतिविधियों का समन्वय इस कार्यशाला की प्रमुख विशेषता रहा। शिविर का एक विशेष आकर्षण फिल्म कालीधर लापता के सहायक निर्देशक मोहित राज गब्बा रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों के साथ फिल्म निर्माण, निर्देशन एवं उसके तकनीकी पक्षों पर विस्तार से संवाद किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य शशि बिष्ट तथा जयहरीखाल की ग्राम प्रधान प्रगति असवाल ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के सफल संचालन में विकास रावत, हरीश कुमार तथा सूर्यकांत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भारत विकास परिषद ने आयोजित की हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता

## कामिनी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान मे सीजे पब्लिक स्कूल गोविन्दनगर में संस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमान चालीसा पाठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत कक्षा पांच तक के बच्चों ने भाग लिया, जिसमें कामिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती रेणू माहेश्वरी व परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने उपस्थित अतिथिओं का स्वागत करते हुए कहा कि परिषद का उद्देश्य बच्चों के अन्दर प्रतिस्पर्धात्मक भावना तथा संस्कार पैदा करना है।

इस अवसर पर राजदीप माहेश्वरी, तोताराम पांथरी, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, सचिव प्रदीप अग्रवाल, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम सुंदली ने विचार व्यक्त किये। भारत विकास परिषद कोटद्वार की संस्कार प्रमुख श्रीमती निधि गुप्ता ने संयोजन व संचालन किया। प्रतियोगिता में दस बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें कामिनी प्रथम, सूरज द्वितीय एवं अंशिका ने तृतीय स्थान पर रही। परिषद द्वारा सभी बच्चों को ड्राइंग बुक, स्केच पेन, फ्रूट जूस एवं बिस्कुट के पैकेट भेंट कर पुरूस्कृत किया गया। प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती बीना मित्तल व श्रीमती शीला कुकरेती थी।

इस अवसर पर प्रांतीय महिला संयोजिका श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, जिला समन्वयक राजदीप महेश्वरी, अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, सचिव प्रदीप अग्रवाल, महिला संयोजिका श्रीमती बीना मित्तल, संयोजक श्रीमती निधि गुप्ता, तोता राम पांथरी, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती सुनीता ऐरन, श्रीमती वीणा कुकरेती, श्रीमती शीला कुकरेती, श्रीमती राजकमल महेश्वरी, गोपाल बंसल, सुनील गुप्ता, प्रणव, विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कुसुम सुंदली एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं स्टाफ व सदस्य उपस्थित थे।

# श्री बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव 8 जून से

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री बालाजी मंदिर का 23वां चार दिवसीय वार्षिकोत्सव 8 जून से शुरू होगा। इसके लिए मंदिर समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। महोत्सव के दौरान पूजन, रथ यात्रा, भजन संध्या, छप्पन भोग और विशाल भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वार्षिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल कंसल ने बताया कि 8 जून से 10 जून तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे मंदिर में विशेष पूजन होगा। 9 जून को शाम 5 बजे बदरीनाथ मार्ग स्थित टाटा कमर्शियल परिसर से भगवान बालाजी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी।

# सिटी टॉपर इशिता सिंह को किया सम्मानित



## 80 हजार रुपये, स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट किया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी (एनजीए) ऋषिकेश में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को शॉल, पुष्पगुच्छ, स्मृति-चिह्न एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शबद-कीर्तन के साथ हुआ। समारोह परम पूज्य महंत बाबा राम सिंह महाराज के दिव्य आशीर्वाद एवं संस्था संचालक संत बाबा जोध सिंह महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समारोह का मुख्य आकर्षण कक्षा 12 की छात्रा इशिता सिंह रहीं, जिन्होंने कला संकाय में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि सम्पूर्ण ऋषिकेश नगर की सिटी टॉपर बनने का गौरव भी हासिल किया। इशिता ने राज्य स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इशिता सिंह की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर निर्मल आश्रम महंत बाबा राम सिंह जी महाराज एवं संत बाबा जोध सिंह जी महाराज द्वारा उन्हें 80,000 की नकद धनराशि, शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी सफलता पर उपस्थित जनसमूह ने जोरदार तालियों से उनका अभिनंदन किया।

वहीं कक्षा 12 में श्वेता यादव ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जिन्हें 65,000 की नकद धनराशि प्रदान की गई। प्रीतिका ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया और उन्हें 55,000 की नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 के टॉपर्स आराध्या थपलियाल (97.6 प्रतिशत), नैतिक डबराल (97.4 प्रतिशत) एवं पीयूष झा (94.6 प्रतिशत) के अभिभावकों को भी शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा एवं प्रधानाध्यापिका अमृतपाल डंग ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# हल्दौर का रिहान नौगांवा सादात में नहर में डूबा

## बकरीद पर ननिहाल गया था

**हल्दौर ( चिंगारी )**। हल्दौर निवासी एक 16 वर्षीय किशोर की अपने ननिहाल नौगांवा सादात की नहर में नहाते समय डूबने से मौत हो गई, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। बुधवार को उसका शव नौगांवा से हल्दौर लाया गया और उसे स्थानीय कब्रिस्तान में दफनाया गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय मुहल्ला सराय निवासी इमरान अंसारी पुणे में काम करते हैं और उनकी ससुराल अमरोहा जनपद के नौगांवा सादात में है। बकरीद पर उनका परिवार नौगांवा सादात गया हुआ था। मुहल्लेवासियों के अनुसार करीब 3 दिन पूर्व इमरान अंसारी का 16 वर्षीय पुत्र रिहान अपनी रिश्तेदारी के युवकों के साथ नौगांवा की नहर में नहाने चला गया था। नहर में नहाते समय वह पानी के तेज बहाव में डूबकर बह गया, जिससे नहर के आसपास मौजूद लोगों व परिजनों में शोर व हड़कंप मच गया। रिहान को वहां के लोगों व गोताखोरों द्वारा काफी तलाश किया गया, मगर वह नहर में नहीं मिला। तलाश के दौरान बुधवार की सुबह नहर में नहाने की जगह से कुछ दूरी पर आगे रिहान का शव परिजनों को तैरता हुआ मिल गया। नहर में डूबने से हुई किशोर की मौत से उसके परिजनों और ननिहाल में कोहराम मच गया तथा मुहल्ले में शोक व्याप्त हो गया। बुधवार को ही उसके परिजन उसका शव लेकर हल्दौर पंहुचे और गमगीन माहौल में स्थानीय कब्रिस्तान में उसको दफनाया गया।







**प्लॉट बिकाऊ है**

इन्द्रलोक कॉलोनी, बिजनौर गेट नम्बर 03 में पूरब सामना 25 फीट X 55 फीट का एक आवासीय प्लॉट बिकाऊ है।
सम्पर्क करें- मो. 7253017676, 9750000264













